

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली बजट को लेकर किसान प्रतिनिधियों से संवाद किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 72 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"
-स्वामी विवेकानंद

# आयुष्मान योजना के लिए नई सिफारिशें

● एज लिमिट 70 से घटाकर 60 और मदद 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने का प्रस्ताव: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण समिति

**समिति**

**मुफ्त इलाज की उम्र सीमा 60 साल करना चाहिए। राशि को भी बढ़ाकर 10 लाख रुपए करना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्र सरकार से सिफारिश की। आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की उम्र सीमा 60 साल करना चाहिए। साथ ही इलाज के लिए मिलने वाली 5 लाख रुपए की राशि को भी बढ़ाकर दोगुना यानी 10 लाख रुपए करना चाहिए। अभी 70 साल के बुजुर्गों को ही इसका




फायदा मिल रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्र सरकार से यह सिफारिश की है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस स्वास्थ्य योजना का फायदा मिल सके। केंद्र सरकार ने पिछले साल 11 सितंबर को हाल ही में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करके वय वंदना योजना के तहत 4.5 करोड़ परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को कवर किया है।

**केंद्र ने 2017 में योजना की शुरूआत की थी**
आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो देश के सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों को हर साल 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधा देती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत केंद्र सरकार ने यह योजना साल 2017 में शुरू की थी। हालांकि, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्य इस योजना को मानने से इनकार कर रहे हैं और राज्य में खुद अपनी योजना चला रहे हैं। इस योजना के तहत देश भर के सिलेक्टेड सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज करवाया जा सकता है। भर्ती होने के 10 दिन पहले और बाद के खर्च का भी इस योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है।

**इस योजना में सभी बीमारियां होती हैं कवर**
आयुष्मान योजना में पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं। किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च इसमें कवर होते हैं। ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च इसमें कवर होता है।

## 10% पूर्वोत्तर में विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित करने की सिफारिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** श्रीरंग अप्पा बारणे की अध्यक्षता वाली ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने विद्युत मंत्रालय की अनुदान मांगों (2025-26) पर समिति की चौथी रिपोर्ट सौंप दी है। 12 मार्च को संसद में पेश इस रिपोर्ट में समिति ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। खासतौर पर पूर्वोत्तर में विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए समिति ने सिफारिश की है कि मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना जारी रखना चाहिए कि सकल बजटीय सहायता का कम से कम 10 प्रतिशत न केवल पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित किया जाए, बल्कि इसका वास्तव में इच्छित उद्देश्य के लिए उपयोग भी किया जाए। समिति ने इस बात पर प्रमुख रूप से जिक्र किया है कि मंत्रालय द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं अथवा कार्यक्रमों के लिए निधि उपयोग में सुधार किए जाने की आवश्यकता है। इसी के मद्देनजर समिति ने सिफारिश की है कि मंत्रालय को तिमाही निधि उपयोग और निष्पादन रिपोर्ट पेश करनी चाहिए और मंत्रालय की सभी योजनाओं अथवा कार्यक्रमों के संबंध में संबंधित राज्यों की निधि उपयोग दक्षता पर भी नजर रखनी चाहिए। फ्लाई ऐश के मुद्दे पर समिति ने सिफारिश की है कि राख का परिवहन लोडिंग छोर से ही बॉडी पैक्ड वाहनों में किया जाना चाहिए।

# कर्नाटक में मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर्स में 4% रिजर्वेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरुः** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर में 4 प्रतिशत आरक्षण देगी। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट



एक्ट में बदलाव का बिल विधानसभा के इसी बजट सेशन में लाया जाएगा। विधानसभा से पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो

**आरक्षण**

**मुख्यमंत्री ने मीटिंग में कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव रखा**

जाएगा। कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- भाजपा इसके खिलाफ है और हम इसका विरोध करते रहेंगे। सरकारी ठेकों में आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है। सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर इसकी अनुमति दी जा सकती है, लेकिन किसी धार्मिक समुदाय को सीधे तौर पर आरक्षण देना स्वीकार्य नहीं है। 7 मार्च को बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि सरकारी विभाग के टेंडर में कैटेगरी-2 मुस्लिमों के लिए आरक्षित की जाएगी। इ

## कर्नाटक: भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को आरक्षण देने के पीछे राहुल गांधी की सोच है। वे कई बार हारने के बाद भी सबक नहीं सीख रहे हैं। कर्नाटक में यह आरक्षण राहुल गांधी के संरक्षण में दिया गया है। सिद्धारमैया के पास खुद यह घोषणा करने का साहस या राजनीतिक बल नहीं है। कांग्रेस तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति में जो नए मानक स्थापित कर रही है, वे राष्ट्र के लिए हानिकारक हैं।धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है। कई अदालतों के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण को कोर्ट ने भी असंवैधानिक करार दिया है।

## तमिलनाडु के नेता पाखंडी: पवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती:** आंध्र प्रदेश के डिप्टी उट और एक्टर पवन कल्याण भी तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच जारी भाषा विवाद में कूद गए हैं। पवन कल्याण ने कहा कि तमिलनाडु के नेता हिंदी का विरोध करते हैं। दूसरी तरफ तमिल फिल्मों को हिंदी में डब कराकर पैसे कमाते हैं। ऐसा क्यों? ये पाखंड कर रहे हैं। पवन के बयान पर एक्टर प्रकाश राज ने पोस्ट की। उन्होंने लिखा- अपनी हिंदी भाषा हम पर मत थोपिए। यह किसी दूसरी भाषा से नफरत करने के बारे में नहीं है, यह हमारी मातृभाषा और हमारी सांस्कृतिक पहचान को आत्मसम्मान के साथ बचाने के बारे में है। कृपया कोई पवन कल्याण को ये समझाए।

## 2028 तक तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा भारत: मॉर्गन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2028 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। इसके साथ ही इस रिपोर्ट में ये दावा भी किया गया है की 2026 में ही भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवें स्थान से उछल कर चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्लोबल प्रोडक्शन में भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। भारत में पॉलिसी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करने के साथ ही माइक्रो स्टेबिलिटी भी दिख रही है। इसके कारण अगले 3 साल में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ देगी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। रिपोर्ट में

**वैश्विक**

**साल 2028 तक भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी की अर्थव्यवस्था से भी आगे निकल जाएगी**

बताया गया है कि साल 2026 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 4.70 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। ऐसा होने पर अर्थव्यवस्था के मामले में भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी की अर्थव्यवस्था रह जाएगी।
भारत की अर्थव्यवस्था में जिस रफ्तार से तेजी आने की उम्मीद है, उसके आधार पर साल 2028 तक भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी की अर्थव्यवस्था से भी आगे निकल जाएगी।



प्रसिद्ध अमेरिकी पॉडकास्टर और कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रिडमैन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पॉडकास्ट 16 मार्च को जारी किया जाएगा। इस बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी के बचपन, आध्यात्मिक जीवन और सार्वजनिक जीवन की यात्रा सहित विविध विषयों पर चर्चा शामिल है।

# आतंकवाद पर अपने गिरेबान में झांके पाकिस्तान: भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से उनके यहां होने वाले आतंकी गतिविधियों के लिए भारत पर दोष मढ़ने के रवैए की आलोचना की है। भारत का कहना है कि अपनी आंतरिक समस्याओं और असफलताओं के लिए दूसरों पर उंगली उठाने की बजाय पड़ोसी देश को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है। पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं और असफलताओं के लिए दूसरों पर उंगली उठाने और दोष मढ़ने के बजाय अपने अंदर झांकना चाहिए।
पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने हाल ही में वहां ट्रेन हाईजैक की घटना पर कहा था कि आतंकी अफगानिस्तान में बैठे अपने आकाओं के संपर्क में थे। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या



**दो टूक**

**पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र पाकिस्तान है: विदेश मंत्रालय**

पाकिस्तान ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की गतिविधि के लिए अतीत में भारत को दोषी ठहराने की अपनी नीति बदल दी है। तो उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ उसके आरोप आज भी कायम हैं। हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित करने में शामिल है।

## भाजपा ने अमृतसर में मंदिर पर हमले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने पंजाब के अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने पंजाब में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाली ताकतों को बेनकाब करने के लिए इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। चुघ ने क्षेत्र में बार-बार हो रहे ग्रेनेड हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य में विघटनकारी तत्वों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है।

# हिमाचल: वित्तीय चुनौतियों के बीच सुक्खू सरकार की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमाचल** प्रदेश की सुक्खू सरकार वित्तीय कठिनाइयों के बावजूद आगामी बजट पेश करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर वित्त मंत्री अपने कार्यकाल का तीसरा बजट 17 मार्च यानी सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार बजट का आकार 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 58 हजार करोड़ और 2023-24 के लिए 52 हजार करोड़ रुपये का



बजट प्रस्तुत किया गया था। हालांकि राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति लगातार चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। प्रदेश पर ऋण का बोझ बढ़ता जा रहा है। राज्य की आमदनी के

**बजट**

**मुख्यमंत्री बतौर वित्त मंत्री अपने कार्यकाल का तीसरा बजट 17 मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे**

स्रोत सीमित हैं, जबकि खर्चों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री के सामने राज्य की 70 लाख जनता को राहत देने के साथ-साथ आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने की दोहरी चुनौती होगी।

**राजस्व संकट और बढ़ता कर्ज**
हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से केंद्र सरकार की सहायता, राज्य करों और अन्य शुल्कों पर निर्भर करती है। लेकिन केंद्र से मिलने वाली सहायता में कटौती और जीएसटी क्षतिपूर्ति समाप्त होने से प्रदेश सरकार के लिए राजस्व जुटाना कठिन हो गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सरकार अब तक 19 हजार करोड़ रुपये का ऋण ले चुकी है। राज्य की आय के प्रमुख स्रोतों में आबकारी शुल्क, स्टांप शुल्क, खनन और बिजली उत्पादन इत्यादि शामिल हैं।

**पिच की भूमिका** पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया, पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए

# बिहार-झारखंड और पंजाब में दो गुटों में पथराव, बीरभूम में इंटरनेट बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना/लुधियाना/कोलकाता**
**होली** और जुमा पर शुक्रवार को 4 राज्यों में हिंसक घटनाएं हुईं। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक अरक की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है।
झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। विवाद किस बात को लेकर था, यह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच कर



रही है। पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है। पश्चिम बंगाल में भी हिंसा हुई है। भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप

**हिंसा**

**झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी**

लगाया है। भाजपा क्ळ सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी तस्वीरें पोस्ट की हैं। मालवीय ने आरोप लगाया कि बरुईपुर, जादवपुर और मुर्शिदाबाद समेत पूरे प्रदेश में इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। बंगाल के ही बीरभूम में 17 मार्च तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम अफवाहों को रोकने के लिए उठाया गया है। जिले में पत्थरबाजी की घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात की गई है।

**बिहार के मुंगेर में विवाद सुलझाने गए एएसआई पर हमला, इलाज के दौरान मौत**
बिहार के मुंगेर में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच विवाद सुलझाने गए अरकसंतोष कुमार पर गांव वालों ने हमला कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। उनके ब्रेन में 7-8 जगहों पर शार्प इंजरी थी। किसी धारदार हथियार से मारा गया था।

# वन नेशन-वन इलेक्शन को कुछ दल संघवाद के खिलाफ मान रहे : मेघवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर। केंद्रीय** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वन नेशन वन इलेक्शन पर कहा है कि कुछ राजनीतिक दल इसे संघवाद के खिलाफ मानते हैं। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि 1952, 1957, 1962 और 1967 में जब लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे, तब क्या संघीय ढांचे पर प्रहार नहीं था? उस समय चुनाव हुए, तब कोई समस्या नहीं थी। अब पीएम मोदी इसमें सुधार कर रहे हैं, इसे चुनाव सुधार क्यों नहीं माना जाना चाहिए? मंत्री अर्जुन राम मेघवाल



मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में नए लॉ बिल्डिंग के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 1983 से यह सिलसिला टूट गया था, इसलिए एक साथ चुनाव जरूरी हैं। इस पर इलेक्शन कमीशन, हमारी कमेटियां, नीति आयोग के ग्रुप और फिर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी हाई-लेवल कमेटी ने अपनी सहमति दी। इसके बाद कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी। मैंने इस बिल को लोकसभा में पेश किया, जो अभी जेपीसी के पास है। इस पर प्रमुख प्रोफेशनल्स, व्यापारी वर्ग, सीए, डॉक्टर्स एसोसिएशन और नागरिक संगठनों से चर्चा हो रही है। हम समर्थन जुटाने के लिए जागरूकता फैला रहे हैं। क्योंकि यह देशहित में है। कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिमों को ठेके में चार प्रतिशत आरक्षण देने की बात पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दल तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं।

# गहलावत ने 33 केवी सब स्टेशन को किया लोकार्पित, मिलेगी निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति

## साढ़े नौ करोड़ रुपये की लागत से बहालगढ़ से असदपुर यमुनाघाट तक बनाई जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने नव स्थापित 33 केवी के सब स्टेशन को लोकार्पित किया, जिससे हजारों ग्रामीणों व किसानों को निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। विधायक ने बहालगढ़ से असदपुर यमुनाघाट तक सड़क के मरम्मत व सौंदर्यकरण के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। उन्होंने हलकावासियों विकास के मामले में आश्वस्त करते हुए कहा कि लोगों को अब चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बिजली के 33 केवी सब स्टेशन का लोकार्पण समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इस पावर हाउस की क्षमता बीस मेगा वाट है। इससे विशेष रूप से राई के गांव असावरपुर के करीब चार हजार उपभोक्ताओं को




सीधा लाभ मिलेगा। नजदीकी गांव को भी इससे जोड़ा जाएगा। साथ में पांच सौ किसानों को भी इससे जोड़ा जाएगा। इस पावर हाउस की स्थालपना पर करीब आठ करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने बताया कि कुंडली में नई डिवीजन स्थापपित करवाई है जिसका कार्यालय 33 केवी पावर हाउस नंबर-2 सेवली रोड पर होगा। इससे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा और उन्हें सोनीपत जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विधायक गहलावत ने बताया कि बहालगढ़ से असदपुर यमुनाघाट वाया चौहानजोशी-दीपालपुर-मुकीमपुर-नांदनौर सड़क की मरम्मत व सौंदर्यकरण के लिए नौ करोड़ 27 लाख 85 हजार रुपये मंजूर करवाये हैं। इसका निर्माण कार्य भी समयबद्धता के साथ पूरा करवाया जाएगा। वे राई हलके के चहुंमुखी विकास को समर्पित हैं, जिसके लिए लगातार मंथन करती

**शुभारंभ**

**बहालगढ़ से असदपुर यमुनाघाट तक सड़क के मरम्मत व सौंदर्यकरण के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया**

रहती हैं। इस अवसर पर बिजली निगम के चीफ इंजीनियर पलविंद्र, एसई गीतूराम तंवर, एक्सईएन आशीष दहिया, एसडीओ रविंद्र पंवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई,
मंडल अध्यक्ष विकास, शेखर आंतिल, युवा नेता अनिल आंतिल, मास्टर सतनारायण आंतिल, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, सरपंच मोनिका असावरपुर, एसएचओ कुलदीप, पूर्व सरपंच बिट्टू आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# नगर पालिका ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**अभियान**

**अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से नगर पालिका के कर्मियों ने शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शनिवार को नगरपालिका कर्मचारियों ने पुलिस के साथ मिलकर शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर रखे सामान को नगरपालिका ने जब्त कर लिया। शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से नगर पालिका के कर्मियों ने शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान नगरपालिका ने रेलवे रोड़ रोड़ पर सब्जी मंडी से लेकर रेलवे स्टेशन तक अवैध रूप से सड़क कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों की दुकानों को हटवा कर दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात



कही। शहर में दुकानदार बेतरतीब तरीके से अपने प्रतिष्ठानों के इर्द-गिर्द सामान फैला कर रखते हैं। इससे अक्सर पैदल चलने के साथ मार्केटिंग के लिए बाजार आने वाले लोगों को पार्किंग की समस्याएं के समस्या के साथ कई बार तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं अतिक्रमण के कारण शहर में आने वाले दुपहिया वाहन चालक भी सड़क पर अपने वाहन को खड़ा करके खरीदारी करने चले जाते हैं तो उस समय कई बार अक्सर जाम की स्थिति पैदा होती है। शहरी क्षेत्र में ऐसी समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई की है। नपा अधिकारियों ने व्यवसायियों से अपील की है कि अपने प्रतिष्ठानों के सामान को दुकानों के आगे बनाए गए नाले से आगे न रखें। सफाई निरीक्षक पोषण मलिक व यातायात पुलिस इंचार्ज ने कहा कि अतिक्रमण कर शहर के लोगों के लिए परेशानी का सबक बनने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### होली पर कार्यकर्ताओं ने विधायक आवास पर पहुंचकर होली मनाई



**राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत ने होली के मौके पर कार्यकर्ताओं को गुलाल का तिलक लगाकर होली मनाई और होली पर सुख, शांति व समृद्धि का संदेश दिया। विधायक गहलावत ने कहा कि होली प्रेम प्यार का पर्व है। हमें आपसी भेदभाव को भूलाकर आपस में प्रेम से होली मनानी चाहिए। गहलावत ने कार्यकताओं को मूंह भी मीठा करवाया। इस मौके पर काफी संख्या में हलके के कार्यकर्ता आवास पर पहुंचे और होली मनाई।

### होली पर पानी रहित होली मनाने का दिया संदेश



**गन्नौर।** कामी रोड स्थित इविया ब्यूटी प्राईवेट लिमिटेड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के प्लांट हेड मनोज कुमार ने कंपनी के कर्मचारियों को जल रहित होली मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि होली भाईचारे प्रेम प्यार का पर्व हे। हमें प्रेम प्यार से होली मनानी है। इसा मौके पर चन्द्रशेखर, बालेश, प्रताप, राहुल प्रजापति, एचआर मनीषा, कृष्ण, रितेश, सुखदीप, विवेक, रूचि, अशोक, केसर आदि मौजू थे।

### नगरपालिका ने पानी निकासी को लेकर सख्ती दिखाई, थमाए नोटिस

**गन्नौर।** शहर में जलभराव की समस्या और नालियों के अवरुद्ध होने को लेकर नगरपालिका ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। अवैध रूप से घरेलू और शौचालय का पानी नगरपालिका नालों व नालियों में छोड़े जाने के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही है। जनस्वास्थ्य विभाग से सीवर कनेक्शन न होने के कारण कई नालियां जाम हो गई हैं, जिससे बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस समस्या को देखते हुए नगरपालिका ने मकान मालिकों को नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन करने वालों को भी चेतावनी दी जा रही है। नगरपालिका द्वारा अब तक कई मकान मालिकों को नोटिस जारी कर चुकी है। जिसमें लोगों से जनस्वास्थ्य विभाग से अपने घरों की पानी की निकासी के लिए सीवर के कनेक्शन लेने के निर्दश दिए हैं। साथ चेताया है कि यदि जल्द ही मकान मालिक सीवर कनेक्शन नहीं लेंगे तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पार्षदों को अपने-अपने वार्ड में नागरिकों को सीवर कनेक्शन लेने के लिए जागरूक करने को कहा गया है।
**एसडीएम ने ली थी बैठक:** एसडीएम प्रवेश कादियान ने कुछ दिन पहले ही नगरपालिका अधिकारियों के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### टैंपो के नीचे दब कर घायल फैक्ट्री कर्मी की मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड पर टैंपो पलटने से टैंपो सवार 42 वर्षीय व्यक्ति टैंपो के नीचे दब कर घायल हो गया। राहगीरो ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में समालखा के गांव पट्टी कल्याणा निवासी ईश्वर ने बताया कि उसका छोटा भाई संजय बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। सजंय 1× मार्च को ड्यूटी के बाद फैक्ट्रीसे टैंपो से घर वापस लौट रहा था। जब टैंपो जीटी रोड गुप्ति धाम के पास पहुंचा तो चालक की लापरवाही के कारण टैंपो पलट गया। जिससे संजय टैंपो के नीचे दब कर घायल हो गया।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ गुलाल लगाकर होली मनाकर शुभकामनाएं दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान ने रेलवे रोड स्थित अपने कार्यालय में हलके के कार्यकताओं के साथ जमकर होली खेली और कार्यकताओं को होली की शुभकामनाएं दी। होली खेलने के लिए काफी संख्या में उनके समर्थक कार्यलय पर पहुंच और विधायक को रंग व गुलाल लगाया। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि सभी शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाएं। विधायक ने कहा कि होली पर परंपरा है, अपने बड़े-बुजुर्ग, मित्र,भाई को गुलाल लगाकर



आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त किया जाता है। शाम में अपने गांव बजाना में पहुंचकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। कादियान ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली भारी जीत के कारण होली का रंग दुगना हो गया है। प्रदेश की जनता ने निकाय चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जन कल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाई है। प्रदेश में तीन इंजन की सरकार बनने से विकास की गति बढ़ेगी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विद्या कुमार सिंह C/o अभिनव फार्मास्युटिकल ऑफिस**, निवासी शॉप नंबर 2, हाउस नंबर 1, पॉकेट–12, सेक्टर–20, रोहिणी, दिल्ली, और दुकान नंबर–G-23, ओमेगा मॉल, सेक्टर–25, रोहिणी, दिल्ली, और हाउस नंबर 98, पॉकेट–16, सेक्टर–20, रोहिणी, दिल्ली, ने **CC No. 1988/20 U/s 138 NI Act.,** के अंतर्गत थाना: **कोतवाली,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विद्या कुमार सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विद्या कुमार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1988/20 U/s 138 NI Act.,** थाना: **कोतवाली,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त विद्या कुमार सिंह से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**श्रेया सिंह, JMFC-05,**
कमरा नंबर 2, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
**DP/3125/N/2025**

# पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का शनिवार को गांधी नगर में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा नेता आजाद नेहरा, विभिन्न गांवो के सरपंचो व कार्यकताओं उनका स्वागत किया। कृष्ण लाल पंवार ने गन्नौर के ग्रामीण विकास को लेकर सरपंचो व कार्यकताओं से विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शहर की तर्ज पर विकास होगा। इसके लिए सरकार पूरी तरह से



गंभीर है। भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी और आगे भी प्रदेश उन्नति के पथ पर निरंतर चलता रहेगा। यही कारण है कि विधानसभा चुनावों के बाद अब निगम चुनावों में भी भाजपा की प्रचंड जीत हुई है।

### होली पर राजलू गढ़ी गांव शाहपुर तगा में लगा मेला

**गन्नौर।** होली के अवसर पर गांव राजलू गढ़ी में दादा बाले खा पर विशाल मेला लगा। आसपास के गांवों की काफी संख्या में पहुंची महिला व पुरूषों ने पूजा अर्चना के बाद मन्नत मांगी वहीं बच्चों ने मेले में खरीददारी की। वहीं गांव शाहपर तगा में बाबा मोहनादास की समाधि पर लोगों ने पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। मेले में आसपास के गांवों के लोग पहुंचे। दोनो धार्मिक स्थलों पर जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाली कौशल, पुत्री स्वर्गीय गोकुल कौशल निवास मकान नं. 10284, गली पाठशाला वाली, मानकपुरा, करोल बाग, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 192/2020, भा.द.सं. की धारा 356/379/411/34 के तहत, थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विशाली कौशल** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विशाली कौशल** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 192/2020, भा.द.सं. की धारा 356/379/411/34 के तहत, थाना करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाली कौशल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री शिप्रा धनखर**
**महानगर दण्डाधिकारी ( केंद्रीय जिला )**
**कमरा नं. 180, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**
**DP/3059/CD/2025**

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत

**गन्नौर।** शनिवार को टेहा गांव के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी चालक व सवारी डिवाइडर से टकरा कर घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने अस्तपाल में दाखिल कराया, जहां स्कूटी चालक मनीष ने दम तोड़ दिया। मृतक मनीष के भाई राघव ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में भानपुर पट्टी, बिहार हाल ही मुकुंदपुर दिल्ली निवासी राघव ने बताया कि उसका भाई मनीष व उसका साला रोशन अपनी स्कूटी पर दिल्ली से पानीपत जा रहे थे।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# मुख्यमंत्री ने साहिब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया

**याद किया**

**मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे उनके शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मिला**





टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साहिब सिंह वर्मा के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे उनके शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम दिल्ली को विकास की राह पर और आगे लेकर जाएं। रेखा गुप्ता ने अपने छात्र जीवन की एक याद साझा करते हुए बताया कि जब वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष बनी थीं, तब साहिब सिंह वर्मा ने खुद उन्हें बधाई दी थी। उन्होंने कहा कि आज उनकी बेटी दिल्ली की मुख्यमंत्री है और बेटा (प्रवेश वर्मा) मंत्री हैं। यह उलटा भी हो सकता था लेकिन हमारे संस्कारों में बड़ी बहन को प्राथमिकता दी जाती है। हम मिलकर साहिब सिंह वर्मा के सपनों की दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जहां प्रवेश वर्मा ने अपने पिता की स्मृति में हवन किया। कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के मंत्री और कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, मोहन सिंह बिष्ट, रवींद्र इंद्राज सिंह, आशीष सूद, विधायक अजय महावर, मनोज शौकीन और गजेंद्र दराल भी शामिल हुए। सभी ने साहिब सिंह वर्मा के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस अवसर पर अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली के विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने अपना पूरा जीवन दिल्ली की सेवा में लगा दिया। अब उनकी अधूरी योजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी मेरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम उनके सपनों को साकार करेंगे और दिल्ली को आगे लेकर जाएंगे। साहिब सिंह वर्मा का राजनीतिक सफर : 15 मार्च 1943 को दिल्ली के मुंडका गांव में एक किसान परिवार में जन्मे साहिब सिंह वर्मा ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से की थी। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर वे पहली बार दिल्ली नगर निगम के सदस्य चुने गए, और बाद में 1996 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने दो साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली।

## असुरक्षित गैर-प्रमाणित उत्पाद बेचने वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से गैर-अनुपालन उत्पादों के वितरण पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने लखनऊ, गुरुग्राम और दिल्ली जैसे शहरों में अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के कई गोदामों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार हाल ही में 07 मार्च को लखनऊ में अमेजन के गोदाम पर की गई छापेमारी में बीआईएस ने 215 खिलौने और 24 हैंड ब्लेंडर जब्त किए, जो अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन से रहित थे। इससे पहले फरवरी में गुरुग्राम में अमेजन के गोदाम में इसी तरह की कार्रवाई के परिणामस्वरूप 58 एल्युमीनियम पन्नी, 34 धातु की पानी की बोतलें, 25 खिलौने, 20 हैंड ब्लेंडर, 7 पीवीसी केबल, 2 फूड मिक्सर और 1 स्पीकर जब्त किए गए थे। ये सभी भी गैर-प्रमाणित पाए गए। इसी तरह, गुरुग्राम में इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित फ्लिपकार्ट के गोदाम पर छापेमारी में बीआईएस ने 534 स्टेनलेस स्टील की बोतलें (वैक्यूम इंसुलेटेड), 134 खिलौने और 41 स्पीकर जब्त किए, जो प्रमाणित नहीं थे। अमेजॅन और फ्लिपकार्ट दोनों पर कई उल्लंघनों की बीआईएस की जांच में गैर-प्रमाणित उत्पादों का पता चला जो टेकविजन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े थे। इस सुराग पर कार्रवाई करते हुए बीआईएस ने दिल्ली में टेकविजन इंटरनेशनल की दो अलग-अलग सुविधाओं पर छापे मारे, जिसमें लगभग 7,000 इलेक्ट्रिक वॉटर हीटर, 4,000 इलेक्ट्रिक फूड मिक्सर, 95 इलेक्ट्रिक रूम हीटर और 40 गैस स्टोव बिना बीआईएस प्रमाणन के पाए गए। जब्त किए गए गैर-प्रमाणित उत्पादों में डिजीस्मार्ट, एक्टिवा, इनालसा, सेलो स्विफ्ट, बटरफ्लाई जैसे ब्रांड शामिल हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पद्मश्री गुरु हनुमान जी की 125वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## फिरौती के लिए 17 साल के लड़के का किया अपहरण, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के महरौली इलाके में 50 हजार की फिरौती के लिए 17 साल के लड़के के अपहरण के मामले का पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लड़के को सकुशल मुक्त करा लिया। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों की उम्र की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक 12 मार्च को महरौली थाना पुलिस को 17 साल के लड़के केअपहरण की सूचना मिली। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को पीड़ित परिवार ने बताया कि तीन दिन पहले उनके पास फोन आया था कि आपका बेटा किडनैप हो गया है और 50 हजार का इंतजाम करके लेकर आओ, नहीं तो बेटा को मार दूंगा।

## बजट: सीएम ने किसान प्रतिनिधियों से किया संवाद



**आत्मनिर्भर**

**किसानों के सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा, दिल्ली के हर किसान को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का लक्ष्य**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली सचिवालय में विकसित दिल्ली बजट 2025 पर जनता से सुझाव और अपेक्षाएं संवाद की शृंखला में राजधानी के किसानों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान आगामी बजट 2025 के लिए उनकी अपेक्षाओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संवाद सत्र का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को समझना, उनके सुझावों को बजट में सम्मिलित करना और दिल्ली में कृषि को बढ़ावा देना और दिल्ली देहात में विकास कार्य में तेजी लाना है। इस संवाद के दौरान किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने कल्याण और कृषि क्षेत्र की प्रगति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए, जो आगामी बजट की नीतियों को सार्थक दिशा प्रदान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली देहात की समस्याओं का जल्द निदान किया जाएगा। दिल्ली में अब दोषारोपण करने वाली सरकार नहीं बल्कि काम करने वाली सरकार है। संवाद सत्र के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि विकसित दिल्ली बजट का प्रारूप तैयार करने में किसानों के अपेक्षाओं और सुझावों को शामिल किया जाएगा। आज इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने विकसित दिल्ली बजट 2025 पर जनता से सुझाव और अपेक्षाएं संवाद की शृंखला को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के किसान संगठन के साथ विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर किसानों ने तालाब के सौंदर्यीकरण, गांवों के ग्राम सभा के जमीन का उपयोग, बिजली के कनेक्शन, लालडोरा को बढ़ाना, आधुनिक सिंचाई पद्धतियों और केंद्र की योजनाओं का लाभ आदि विषय प्रमुखता से उठाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार की यह कोशिश रहेगी कि संवाद के दौरान उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कदम उठाए जाएं। यह जरूरी है कि हम दिल्ली के किसानों की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझकर कार्य करें।

## दिल्ली-एनसीआर में आज छाए रहेंगे बादल, बूंदाबांदी की संभावना

**बारिश होगी**

**दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 02 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हुई है**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में अगले 24 घंटों में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 02 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हुई है। दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और 18 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 04 डिग्री सेल्सियस तक और अधिकतम तापमान अधिकांश स्थानों पर सामान्य से 07 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिण-पूर्व दिशा से 10 से 12 किमी प्रति घंटे से कम की हवा की गति के साथ मुख्य रूप से आसमान साफ रहा। शनिवार को दोपहर में उत्तर-पूर्व दिशा से 14 किमी प्रति घंटे से कम की हवा की गति के साथ मुख्य रूप से आसमान साफ रहा। आईएमडी की वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेन रॉय ने शनिवार को मीडिया को बताया कि शनिवार को उत्तर हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और आसपास के इलाकों पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है।

## मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया रोहतक रोड का निरीक्षण



**दिशा-निर्देश**

**जल निकासी समय पर पूरा करने का निर्देश निर्माण की गुणवत्ता में कमी होने पर ठेकेदार ब्लैकलिस्ट होगा**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा ने शनिवार को रोहतक रोड का निरीक्षण किया। यह सड़क हरियाणा को दिल्ली से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो लंबे समय से खराब स्थिति में था। फरवरी से यहां जल निकासी निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय निवासियों की लगातार शिकायतों के बाद मंत्री ने इस सड़क की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी से लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपने का निर्णय लिया है। यह पुनर्विकास परियोजना पीरागढ़ी चौक से टिकरी बॉर्डर तक कुल 18 किलोमीटर के हिस्से को कवर करेगी। जल निकासी प्रणाली के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 115 करोड़ रुपये है और इसे 14 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह क्षेत्र इंद्र प्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और दिल्ली मेट्रो के तीन स्टेशनों के करीब आता है, जिसके लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करनी होगी। वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अनुमतियों में देरी से परियोजना की लागत बढ़ती है, इसलिए इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सड़क की खराब स्थिति और पूर्व में इसे नजरअंदाज किए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि रोहतक रोड की हालत बहुत खराब थी और स्थानीय लोगों की यह आम शिकायत थी कि कोई जनप्रतिनिधि इसकी सुध नहीं लेता। अब यहां जल निकासी का कार्य शुरू हो गया है और पूरी सड़क को एनएचएआई को सौंप दिया गया है। इस परियोजना में पीडब्ल्यूडी और बाढ़ नियंत्रण विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। मंत्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी सड़कें और जल निकासी प्रणाली बना रहे हैं जो वर्षों तक टिकेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्माण की गुणवत्ता में कोई भी कमी पाई गई तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाएगा।

## खेल मंत्री , अभिनेता आयुष्मान करेंगे फिट इंडिया कार्निवल का उद्घाटन



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** पहली बार आयोजित होने जा रहा फिट इंडिया कार्निवल 16 मार्च को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में भव्य उद्घाटन के लिए तैयार है। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, मशहूर पहलवान एवं फिटनेस प्रमोटर संग्राम सिंह और वेलनेस गुरु मिक्की मेहता विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान खेलो इंडिया पैरा गेम्स (20 से 27 मार्च) के मास्कॉट, लोगो और एंथम का भी अनावरण किया जाएगा। तीन दिवसीय यह फिटनेस और वेलनेस महोत्सव 16, 17 और 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ, सक्रिय और मोटापा-मुक्त भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना है।

## छीनाझपटी में बंदूक से चली गोली, युवक की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में पिता-पुत्र के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान छीनाझपटी में बंदूक से गोली चल गई। घटना में बेटे के सीने में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सचिन कुमार (21) के रूप में हुई है। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता को हिरासत में लिया लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया। क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है।

## दिल्ली में होली पर ट्रैफिक पुलिस ने काटे 7230 चालान



**सख्ती**

**पुलिस की सख्ती के कारण पिछले साल के मुकाबले इस साल कम लोगों के चालान कटे**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** होली के त्योहार पर दिल्ली पुलिस काफी मुस्तैद नजर आई। त्योहार के दिन कोई भी ऐसी सड़क नहीं थी, जहां कोई नशे में धुत होकर पुलिस की नजरों से बच कर निकल सके। 15 जिलों की पुलिस जगह-जगह बेरिकेट लगाकर वाहनों की जांच करती नजर आई। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ दिल्ली ट्रैफिक पुलिस भी चेकिंग करते नजर आई। दिल्ली पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की सख्ती के कारण पिछले साल के मुकाबले इस साल कम लोगों के चालान कटे। पिछले साल होली पर कुल 7643 चालान कटे थे, जिनमें से 559 ड्रंकन ड्राइविंग के थे। इस साल की बात करें तो ट्रैफिक पुलिस ने कुल 7230 चालान काटे। इस बार शराब पीकर गाड़ी चलानों वालों की संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा थी। इस बार ट्रैफिक पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग के 1213 चालान काटे। ट्रैफिक के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार गुप्ता के अनुसार होली के जश्न के दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। 14 मार्च को होली के मौके पर सुरक्षा के लिहाज से सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने दिल्ली में कड़े इंतजाम किए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 84 स्पेशल ड्रंकन ड्राइविंग चेकिंग टीमें और 40 ट्रैफिक और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें प्रमुख चौराहों और सड़कों पर तैनात की थीं। न टीमों ने होली के दिन सुबह 8 बजे से लेकर रात 12 बजे तक सख्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती से निगरानी की और जिसे भी लापरवाही करते देखा उसका चालान किया।

## लूटपाट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**तफ्तीश जारी**

**आरोपितों ने ब्लिंकिट में कैश कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल यूनिट ने सोशल मीडिया पर रील देखकर बदमाश बने चार दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने ब्लिंकिट में कैश कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपित भागीरथ, सुमित, विवेक मेहरा और विक्की वर्मा के कब्जे से दो बाइक, चाकू जब्त किया है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने शनिवार को बताया कि आठ मार्च को इंदिरा गांधी अस्पताल से एक घायल के भर्ती होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां भर्ती घायल अभिमन्यु कुमार ने पुलिस को बयान दिया कि वह ब्लिंकिट कंपनी में कैश कलेक्शन एजेंट का काम करता है। वह वारदात वाले दिन अपनी बाइक से कार्यालय की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोका और उस पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपितों ने कमर, गर्दन और पेट पर हमला किया और फरार हो गए।

## दिल्ली-एनसीआर में साफ हुई आबोहवा



**पाबंदियां हटी**

**हवा की स्थिति को देखते हुए उपसमिति ने ग्रैप की पाबंदियों को हटाने का फैसला लिया है**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हवा साफ हुई है। शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 85 दर्ज किया गया। यह 01 जनवरी से 15 मार्च की अवधि के लिए, पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है। इसी के साथ शनिवार का दिन चालू वर्ष का पहला दिन भी है, जिसमें एक्यूआई संतोषजनक (51-100) रहा है। दिल्ली में मार्च के महीने में एक्यूआई 'संतोषजनक' रहा, जो 2020 के बाद से पांच साल में पहली बार हुआ है। शनिवार को स्थिति की समीक्षा के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उपसमिति ने संपूर्ण एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉस एक्शन प्लान (ग्रैप) की मौजूदा अनुसूची के चरण-एक की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। शनिवार को सीएक्यूएम ने बताया कि मौजूदा मौसम के पूर्वानुमान और हवा की स्थिति को देखते हुए उपसमिति ने ग्रैप की पाबंदियों को हटाने का फैसला लिया है। इसके तहत राजधानी में अब निर्माण और विध्वंस गतिविधियां चालू हो सकेंगी। इसी के साथ सड़कों पर यांत्रिक स्वीपिंग के साथ मैन्युअल स्वीपिंग की जा सकेगी। ग्रैप के एक की पाबंदियों के तहत शहर में एंटी-स्मॉग गन्स का प्रयोग बढ़ाना और सड़क निर्माण गतिविधियों में धूल नियंत्रण के उपायों को सख्ती से लागू करना, बायोमास और नगरपालिका ठोस अपष्ट के खुले जलाने पर कड़ी निगरानी रखना, भारी ट्रैफिक वाले स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करना, वाहनों के लिए पीयूसी मानकों की सख्ती से निगरानी करना, जन जागरूकता के लिए मोबाइल ऐप्स और सोशल मीडिया का उपयोग करना शामिल है। उल्लेखनीय है कि वायु प्रदूषण के बढ़ने के बाद उसे कम करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप की पाबंदियां लागू की जाती है। ग्रैप के पहले चरण की पाबंदियां तब लागू की जाती है जब शहर का एक्यूआई 201 से 300 तक रहता है।

## रोडरेज के दौरान युवक की गला रेतकर हत्या

**आरोपी फरार**

**शराब के नशे में धुत दो युवकों ने रोडरेज के दौरान एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** होली के दिन शराब के नशे में धुत दो युवकों ने रोडरेज के दौरान एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान आशीष (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपितों की पहचान कर उनको दबोच लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान इंदिरापुरम, गाजियाबाद निवासी पंकज कुमार सिंघा (30) और मंडावली, दिल्ली निवासी जीतू (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। जांच में पता चला है कि दोनों ही आरोपितों के खिलाफ पहले से एक-एक आपराधिक मामला दर्ज है।

# मानसून से पहले नालों और नहरों की सफाई करें सुनिश्चित: मुख्यमंत्री

## बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की समीक्षा करें उपायुक्त, परियोजना में कोई कमी पाए जाने या देरी होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ करें कार्रवाई: मुख्यमंत्री

**जलभराव**

**सैनी ने मानसून के मौसम में राज्य में जलभराव रोकने के लिए सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी मानसून के मौसम में राज्य में जलभराव रोकने के लिए सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया हैं कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, उपायुक्त बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, तो उपायुक्त संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी भी उपस्थित रही।

नायब सिंह सैनी ने राज्यभर में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के आदेश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया जाना चाहिए और संबंधित उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में सभी स्टड का सर्वेक्षण करना चाहिए और यदि कोई लापरवाही पाई जाती है, तो दोषी ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



**यमुना में न डाला जाए सीवेज का पानी**
मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यमुना नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि यमुना को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है।
उन्होंने विशेष रूप से पानीपत, सोनीपत, पलवल और यमुनानगर जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने जिलों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को यमुना में जाने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने यमुना नदी को स्थायी रूप से साफ करने के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने अधिकारियों को रेवाड़ी के मसानी बैराज में 6 एसटीपी के कामकाज की निगरानी करने और उनके रखरखाव को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।
**सिंचाई जल का समान वितरण किया जाए सुनिश्चित**
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी स्त्रोंतों से उपलब्ध जल का प्रबंधन सही ढंग से करते हुए प्रदेश के हर इलाके में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी बड़ी नहरों की सफाई और पुरानी नहरों की मरम्मत करने व रिमॉडलिंग करने के भी निर्देश दिए। ऐसी परियोजनाओं की प्राथमिकता सूची बनाई जाए और सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नहरों का सफाई अभियान वार्षिक आधार पर चलाए जाने चाहिएं।
उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। पेयजल आपूर्ति के लिए जलाशयों की सफाई, रॉ वाटर की आपूर्ति, टैंकर्स की आवश्यक संख्या आदि के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।

## बाढ़ नियंत्रण के लिए 657.99 करोड़ रुपये की 352 योजनाएं स्वीकृत

हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में राज्य में बाढ़ नियंत्रण के लिए 657.99 करोड़ रुपये (स्टेट हेड + एचडब्ल्यूआरए फंड) की 352 योजनाओं को मंजूरी दी गई।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अल्पावधि योजनाओं के साथ-साथ पंपों की खरीद को भी तुरंत शुरू किया जाए और 30 जून से पहले उन्हें समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित मध्यम एवं दीर्घकालिक योजनाओं को इस वर्ष मई में होने वाली बाढ़ पूर्व समीक्षा बैठक के बाद शुरू किया जाएगा।
बैठक में बताया गया कि बाढ़ नियंत्रण के लिए 619 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 302 योजनाओं पर काम चल रहा है।
बैठक में हाई-सबसर्फेस वाटर लेवल (एसएसडब्ल्यूएल) वाले स्थायी जलभराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ के पानी की निकासी के लिए विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने की भी समीक्षा की गई।
बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी उपायुक्तों से जिलावार रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी कुशलता से काम करें और सुनिश्चित करें कि ये परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हों।
**फसल विविधीकरण के लिए किसानों को करें जागरूक**
नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें धान जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों की खेती करने की बजाय अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें।
इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त, राजस्व डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल और हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की अध्यक्षा श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयासरत: कैबिनेट मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आपसी भाईचारा और एकजुटता ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी है। जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण लोगों को परस्पर तालमेल तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रख कर सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का फायदा उठाना चाहिए ताकि गांव के विकास को गति मिले।
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांवों हरनामपुरा और रेवर में ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर रहें थे।
हरनामपुरा गांव में आयोजित अभिनंदन समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गांव के विकास के लिए अनेक परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की भी घोषणा की। बेदी ने पंचायत राज विभाग द्वारा करीब 32 लाख रुपये की लागत से बनाई गई दो गलियों को लोकार्पण



किया और साथ ही 20 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली कश्यप चौपाल तथा 11 लाख 86 हजार रुपये की अनुमानित लागत से गली निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।
इसी प्रकार कैबिनेट मंत्री ने अपने दौरे के दौरान लगभग 63 लाख 86 हजार रुपये की उपरोक्त विकास कार्यों के अलावा भी करोड़ों रुपये के अन्य विकास कार्यों की मंजूरी दी। साथ ही इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन सुधार के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर रही है।विकास परियोजनाओं की इस बयार में नरवाना इलाका भी बराबर शरीक रहेगा। सार्वजनिक कार्यों तथा इलाका के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। क्षेत्र की जनता ने चुनाव के दौरान उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

# 27 वाहनों के चालान कर 2 लाख 88 हजार रुपये का लगाया गया जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: खनन एवं भूविज्ञान विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के निदेशानुसार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। खनन विभाग व जिला प्रशासन की अवैध खनन तथा परिवहन पर निरंतर कार्यवाही जारी है।
खनन एवं भूविज्ञान विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए



बताया कि जिला यमुनानगर में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा 1487 वाहनों की चैकिंग के दौरान 27 वाहनों के चालान कर 2 लाख 88 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।
उन्होंने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 685 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा 7 वाहनों का चालान कर 58 हजार 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसी प्रकार, एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 189 वाहनों की चैकिंग के दौरान 8 वाहनों का चालान कर 1.84 लाख रुपये, एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 459 वाहनों की चैकिंग के दौरान 6 वाहनों का चालान कर 16 हजार 500 रुपये तथा एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 154 वाहनों की चैकिंग के दौरान 6 वाहनों का चालान कर 29,000 रुपये जुर्माना लगाया गया।

# प्रदेश सरकार किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी रही: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के कृषि** मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। हरियाणा देश का प्रथम राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है, इसके साथ-साथ बीज खाद कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा किसानों को अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनकी सोच हमेशा किसान हित की रही है, क्योंकि वह स्वयं भी किसान परिवार से जुड़े हुए हैं और किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि रादौर अनाज मंडी के आढ़तियों ने सरसों की फसल की खरीद जल्द से जल्द करवाने की मांग उनके समक्ष रखी। उन्होंने आढ़तियों की इस मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा और मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि किसान बहुत ही मेहनत के साथ सरसों की फसल को तैयार करता है और सरसों की फसल को यदि समय पर खरीद नहीं किया गया तो किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने आढ़तियों की इस मांग को जायज समझते हुए तुरंत सरसों की फसल को 15 मार्च से अनाज मंडी में खरीद करने के आदेश जारी कर दिए। श्याम सिंह राणा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं।

# हिसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए मिला लाइसेंस




**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हिसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (अअक) से लाइसेंस प्राप्त हो गया है। यह उपलब्धि हरियाणा के नागरिकों के लिए गर्व का विषय है।नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिसार एयरपोर्ट की परियोजना को अब सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। जल्द ही हिसार से विमान सेवा का शुभारंभ किया जाएगा।
**पहले चरण में 5 शहरों से जुड़ेगा हिसार:** विपुल गोयल ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या, जम्मू, जयपुर, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। इस एयरपोर्ट का संचालन और रखरखाव द्वारा किया जाएगा।
**503 करोड़ की लागत से बन रहा आधुनिक टर्मिनल:** नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि राज्य सरकार 503 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक पैसेंजर टर्मिनल का निर्माण कर रही है। इस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही हरियाणा पुलिस को एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुगम हवाई यात्रा का अनुभव मिलेगा।
मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि राज्य सरकार ने नाइट लैंडिंग की अनुमति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिल सकें। अपना प्रोजेक्ट ऑफिस भी स्थापित कर रही है, जिससे परिचालन में और तेजी आएगी। हिसार एयरपोर्ट की शुरूआत से न केवल राज्य की हवाई कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# भिवानी में चौधरी देवीलाल की प्रतिमा के अनादर का मामला

**टीम एक्शन इरंडिया**
**चंडीगढ़, 15 मार्च।** भिवानी के गांव धनाना में देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की प्रतिमा के अनादर के मामले को लेकर शनिवार को महापंचायत हुई। गांव धनाना में हुई सर्वजातीय महापंचायत में आरोपियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी। जाटू खाप 84 द्वारा पंचायत करके इस मामले को सुलझाया गया। पंचायत के फैसले का सम्मान करते हुए जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने पुलिस को दी शिकायत वापस ले ली है। दरअसल, शुक्रवार को सोशल मीडिया पर चौधरी देवीलाल की प्रतिमा के अनादर का वीडियो वायरल होने के बाद दिग्विजय चौटाला ने तुरंत कड़ा संज्ञान लिया था और उन्होंने सिरसा पुलिस को इस मामले की शिकायत दी थी। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि सर्व समाज ने पंचायत कर जो फैसला लिया, वह उसका स्वागत करते है। उन्होंने कहा कि समाज से बड़ा कोई नहीं होता इसलिए वह जाटू खाप 84 के फैसले का स्वागत करते है और अपनी शिकायत वापस लेते है। दिग्विजय ने कहा कि महापुरुष किसी भी एक जाति समुदाय के नहीं होते, वह हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक होते है और हमें उनका सम्मान करते हुए उनके जीवन से सीखना चाहिए।

# भाजपा राज में हरियाणा में कानून व्यवस्था बदहाल: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा को अपराधियों का अड्डे के साथ-साथ अपराध के मामले में देश में नंबर वन राज्य बना दिया है। हर दिन व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, हत्याएं हो रही है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं। हर दिन हत्या, बलात्कार, लूटपाट, डकैती, अपहरण की घटनाएं हो रही हैं, ऐसे में लोगों में दहशत व्याप्त है और कोई भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। प्रदेश में कानून का नहीं बल्कि जंगलराज स्थापित है।
मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सत्ता के



नशे में चूर भाजपा सरकार की आदत है कि वह चुनाव में जनता से किए गए वायदों को जल्द भूल जाती है बाद में भाजपा तानाशाह के रूप में राज करती है, तुगलकी फरमान सुना-सुनाकर जनता को परेशान किया जाता है। आज हालात ये है कि प्रदेश में जंगलराज कायम है कोई भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है महिलाएं, बच्चियां और व्यापारी वर्ग न तो घर में सुरक्षित है और न ही घर के बाहर, पुलिस चौकी और थाना के आसपास अपराधी वारदात को अंजाम दे रहे है इससे साफ हो जाता है कि अपराधियों के प्रदेश में हौंसले कितने बुलंद है। भाजपा सरकार में भाजपा के अपने लोग ही सुरक्षित नहीं है, कही हत्या हो रही है तो कही जान लेवा हमला किया जा रहा है।
अपराधी पुलिस टीम पर हमला करने से भी गुरजे नहीं करती। प्रदेश के कुछ जिलों में तेजी से अपराध बढ़ रहे हैं पर कोई सुनने वाला नहीं है, सरकार एक ही दावा करती है प्रदेश में कानून का राज है, अगर कानून का राज होता तो प्रदेश में हर व्यक्ति स्वयं को असुरक्षित महसूस न करता। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की जवानी नशे की भेंट चढ़ रही है। दूध-दही के खाने वाले हरियाणा को नशा तस्करों ने ड्रग्स, अफीम, चिट्टा, हेरोइन, ब्राउन शुगर, स्मैक, चरस, गांजा, कोकीन, भांग और सुल्फा का अड्डा बना दिया है।

# नाराज बिजली कर्मचारी 26 जून को करेंगे हड़ताल: सुभाष लांबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** बिजली कर्मचारियों के प्रमुख संगठन इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन में केन्द्र एवं राज्यों द्वारा बिजली क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने पर घोर निन्दा की। सम्मेलन में पावर यूटीलिटीज के निजीकरण के खिलाफ और पूरानी पेंशन बहाली, ठेका आउटसोर्स संविदा कर्मियों को नियमित करने,लेबर कोड्स को वापस लेने आदि मांगों को लेकर 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में उप्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व महाराष्ट्र सरकारों से निजीकरण करने के तमाम प्रयासों पर तूरंत रोक लगाने की मांग की गई। हड़ताल को सफल बनाने के लिए नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर 26 जून की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए 16 मार्च को चेन्नई,17 मार्च को मुंबई,21 मार्च को कोलकाता,22 मार्च को गुवहाटी व 25 मार्च को देहरादून में मीटिंग आयोजित की जाएगी। ईईएफआई ने इन बैठकों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में 18 मार्च को केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में हड़ताल सहित अन्य सभी फैसलों में शामिल होने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। सम्मेलन में चुनी गई नई राष्ट्रीय कमेटी सम्मेलन में आगामी तीन साल के लिए सर्व सम्मति से नई राष्ट्रीय कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें ई.करीम प्रधान, सुदीप दत्ता महासचिव,एस राजेन्द्रन कोषाध्यक्ष, प्रशांत नंदी चौधरी,सुभाष लांबा,सुरेश राठी राठी, बेला पात्रा,दीपा के.राजन,टी.जयशंकर, डी.सुरी बाबू,एस.हीरा लाल, हीरा लाल वर्मा, कुलविंद्र सिंह ढिल्लों व जय प्रकाश पी.को उपाध्यक्ष चुना गया।

# सरकारी नौकरियों में हरियाणा के युवाओं के हक पर डाका डाल रही है भाजपा - सुरजेवाला

## जबसे भाजपा प्रदेश की सत्ता में आई है, हरियाणा की नौकरियां बाहरियों को बांट रही है - रणदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भाजपा सरकार द्वारा एक सोची समझी रणनीति के अनुसार अफसरों के 60-70% पदों पर बाहरी उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता (सिविल) की भर्ती में सामान्य वर्ग के 49 पदों में से 28 पदों पर हरियाणा से बाहर के उम्मीदवारों के चयन को लेकर हरियाणा सरकार पर जमकर बरसे।
सुरजेवाला ने कहा कि 2014 में बड़े बड़े झूठे वायदे करके शासन में आई भाजपा लगातार हरियाणा के युवाओं से धोखा कर रही है।



उन्होंने कहा कि खट्टर साहब के शासनकाल से लेकर नायब सैनी की ताजपोशी तक, हरियाणा में एक कहावत चली आ रही है कि अफसर बाहर के और चपड़ासी म्हारे। म्हारे पढ़े-लिखे मेधावी बच्चे विदेशों में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं और बाहरी राज्यों के युवाओं को हमारे ऊपर राज करने के लिए लाया जा रहा है। हरियाणा में हरियाणवियों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाया जाना भाजपा की बड़ी रणनीति का हिस्सा है। भाजपा के रणनीतिकार बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि सत्ता विरोधी लहर, झूठे वायदों और सांप्रदायिक सियासत के सहारे भाजपा हरियाणा की सत्ता तो बचा ली गई लेकिन, हरियाणा का किसान, मजदूर, दलित भाजपा की समाज को तोड़ने वाली पाखंडपूर्ण राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगा इसलिए भाजपा हरियाणा के जनसांख्यिकी परिवर्तन की बड़ी रणनीति पर काम कर रही है।
रणदीप ने कहा कि एक तरफ हमारे युवाओं को मजबूर किया जा रहा है कि वो बेरोजगारी और गरीबी से तंग आकर विदेशों में पलायन कर जाएं, दूसरी तरफ प्रदेश के रोजगारों और संसाधनों को प्रदेश से बाहर के लोगों को सौंपा जा रहा है। सुरजेवाला ने एचपीएससी पर हमला करते हुए कहा कि हेराफेरी सर्विस कमीशन के माध्यम से प्रदेश में की जा रही अफसरों की हर भर्ती में इसी रणनीति के अनुसार 60-70% पदों पर हरियाणा से बाहर के उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है। हाल ही में सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता (सिविल) की भर्ती की लिस्ट जारी हुई है इस भर्ती में सामान्य वर्ग के 49 पदों में से 28 पदों पर बाहरी उम्मीदवारों का चयन किया गया है। प्रदेश में 10 साल बाद हुई एएमओ की भर्ती में सामान्य वर्ग के 427 पदों में से 394 पदों की लिस्ट जारी की गई उसमें से 75% पदों पर

# होली आपस में सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ाता है : मनोहर लाल

## मेयर, नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षदों तथा कार्यकर्ताओं को जीत व होली पर्व की दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासीय एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि होली का पर्व रंगों का त्योहार है और यह त्योहार हमें भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश देता है। आज के दिन हम सभी को एक दूसरे की बुराइयों को भुलाकर आपस में गले मिलना चाहिए और समाज को एक नई दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए।

मनोहर लाल काछवा रोड स्थित मेहता पैलेस में आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकताओं व आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिलावासियों को होली के पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली उमंगो व रंगों का त्योहार है, जो आपस में सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हम सभी मतभेद भुलाकर मनाना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं के बीच में जाकर उन पर फूलों की बरसात की और फूलों की होली खेलकर भाईचारे की मजबूती का संदेश दिया। उन्होंने आह्वान किया कि वे पानी को व्यर्थ न बहाएं, बल्कि उसका संरक्षण करें।

केंद्रीय मंत्री ने नगर निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित मेयर, नगर पालिका अध्यक्षों व पार्षदों को प्रचंड जीत के लिए जिलावासियों और कार्यकताओं को बधाई दी। यह जीत विकास और विश्वास की जीत है। अब प्रदेश में विकास कार्य और तेज गति से होंगें तथा ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्यों को और गति देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक सशक्त व पारदर्शी शासन दिया है, जिसके चलते आज भारत की चर्चा दुनियाभर में हो रही है। इतना ही नहीं केंद्र व राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय के चुनाव में भी भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल करके प्रदेश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके शासनकाल के दौरान चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं और उनके नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नव निर्वाचित मेयर, नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षदों का आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत से काम करें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। भ्रष्टाचार मुक्त शासन चलाने का संकल्प लें। हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण पंवार ने होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

और कहा कि रंगों का यह त्योहार हर प्रदेशवासी के जीवन में नई उमंग लेकर आए। उन्होंने नगर निकाय चुनाव में प्रचंड जीत पर कार्यकताओं को बधाई दी। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने होली पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी त्योहार प्रकृति व स्वास्थ्य से जुड़े हुए है। रंगों का जीवन में विशेष महत्व है और होली मेल-मिलाप का उत्सव है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि यह त्यौहार आप सभी के जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आए। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने नई उंचाईयों को छुआ है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा आगे बढ़ रहा है नवनिर्वाचित मेयर रेनू बाला गुप्ता ने स्थानीय निकाय के चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलने पर सभी का धन्यवाद किया।

# होली हिन्दू समाज की समरसाता का प्रमुख उत्सवः जितेंद्र कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव नगर द्वारा रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उत्साह के साथ संघ व विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से होली उत्सव मनाकर समाज में स्वस्थ परंपरा का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फाग उत्सव का भारतीय परंपरा में विशेष महत्व है। यह पर्व हमें समरसता के साथ हमें बुराई पर अच्छाई का संदेश भी देता है। होली मिलन समारोह हमें सामाजिक दायित्वों की याद दिलाती है और परस्पर प्रेम को प्रगाढ़ करती है। उन्होंने ने सभी से नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी के पंच प्रण को अपने जीवन में अपनाकर सामाजिक परिवर्तन हेतु अपने गुरुत्तर दायित्व निर्वहन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को जोडने का कार्य करता है। बदलते परिवेश में संघ एक संगठित समाज के निर्माण कार्य में जुटा है।

# अध्यापक गण के द्वारा डोर टू डोर चलाया जा रहा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर पानीपत में छात्र संख्या बढ़ाने और जिला पानीपत को ड्रॉप आउट मुक्त बनाने के लिए विद्यालय में पूर्ण अवकाश के बाद अध्यापक गण के द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है।

इस प्रवेश उत्सव अभियान में बाबरपुर मंडी की कॉलोनी में कला अध्यापक सुरेंद्र राठी और हितेश भार्गव के द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है जैसे कि विद्यालय में दाखिला फ्री, किताबें फ्री,स्टेशनरी, बैग फ्री,र.उ,इ.उऔर इ.ढ.छ के बच्चों को आर्थिक सहायता। सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा की तैयारी फ्री, जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी फ्री, मिशन बुनियाद और सुपर 100 परीक्षा की तैयारी फ्री और प्रवेश परीक्षा की तैयारी फ्री।

# विज ने मनोहर के समक्ष अम्बाला से चंडीगढ़ तक मेट्रो ट्रेन चलाने रखी मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय शहरी विकास व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बतौर हरियाणा मुख्यमंत्री रहते हुए अम्बाला छावनी को बहुत कुछ दिया और सूखे हुए शहर में रंग भरे हैं। आज वह केवल अम्बाला जिले के लिए कुछ मांग रहे हैं क्योंकि चंडीगढ़ हमारी हरियाणा की राजधानी है, मगर चंडीगढ़ तक पहुंचना बहुत मुश्किल होता है और चंडीगढ़ जाने वाली सडक पूरी तरह जाम रहती है तथा लोगों के चंडीगढ़ आने-जाने में कई घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत आज वे अम्बाला से चंडीगढ़ तक मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग केंद्रीय मंत्री से कर रहे हैं इससे लाखों लोगों के समय की बचत होगी और और लाभ मिलेगा।

विज अम्बाला छावनी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में होली के अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के आगमन पर भाजपा नेताओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, अम्बाला छावनी होली मनाने के लिए पहुंचे मंत्री मनोहर लाल का जोरदार स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने मंत्री अनिल विज, नगर परिषद में नवनिर्वाचित भाजपा, 25 पार्षदों और भाजपा नेताओं के साथ फूलों से होली खेली और सभी को शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि मनोहर लाल जी के मुख्यमंत्री रहते व उनके सहयोग से हमने अम्बाला छावनी का भी और सारे प्रदेश का काम करने की कोशिश की और इनके रहते उन्हें कभी किसी काम में अड्चन नहीं आई। जब भी उन्होंने कोई बात रखी तो मनोहर लाल जी ने उसे हंसते-हंसते स्वीकार किया। सबसे ताजा उदाहरण अम्बाला छावनी के डोमेस्टिक एयरपोर्ट का है। एयरपोर्ट के लिए सेना से जमीन लेना बहुत मुश्किल था और सेना से जमीन स्थानांतरित करने के लिए जो कीमत लगाई वह बहुत ज्यादा थी। तब उन्होंने मनोहरलाल जी से बात की और हंसते-हंसते मनोहर लाल जी ने एयरपोर्ट की जमीन के लिए 130 करोड़ रुपए अलॉट कर दिए। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज खुशी इस बात की है कि अम्बाला छावनी की जनता ने 32 में से 25 पार्षद जिताकर और अध्यक्ष को लगभग 28 हजार मतों से जिताकर यह सिद्ध कर दिया है कि अम्बाला छावनी की जनता पूर्णतः हमारे साथ है। विधानसभा चुनाव में कुछ गद्दारों ने विपक्षी पार्टियों व बाहरी शक्तियों के साथ मिलकर यहां का रंग बदरंग करने का प्रयास किया, मगर अम्बाला छावनी की जनता ने उन्हें सातवीं बार प्रधान बनाकर रिकार्ड कायम किया। अनिल विज ने कहा कि नगर परिषद चुनाव से पहले खेल कुछ बदरंग हो गया था और 32 में से 15 उम्मीदवारों का पहले नाम काट दिया गया था। उन्होंने हाईकमान से बात की तो 15 में से 10 टिकटें बदलवाई और 10 में 9 सीटें हम जीते हैं। यदि पूरी सीटें मिलती तो 32 में से 32 सीटें जीतकर देश में उदाहरण देते। हालांकि जो नहीं जीते वो भी उनके पार्षद है और अपने वार्डों में पार्षद की ही तरह कार्य करें।

# नहर में गिरी कार, दो दोस्तों की मौत, एक का शव 13 घंटे तो दूसरे का 18 घंटे बाद मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में इनोवा कार यमुना नहर में गिर गई। कार में सवार दोनों दोस्तों की मौत हो गई। एक का शव 13 घंटे तो दूसरे का 18 घंटे बाद मिला। शवों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। दोनों यमुनानगर से करनाल में रिश्तेदार के यहां होली खेलने के लिए आए थे। यहां होली खेलने के बाद एक दोस्त को घर छोडने गए थे। इस दौरान उनके साथ हादसा हो गया। मृतकों की पहचान 38 वर्षीय संदीप और 50 वर्षीय दलबीर निवासी साढौरा (यमुनानगर) के रूप में हुई है। हादसा शुक्रवार रात को करीब साढ़े 9 बजे हुआ।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार हैः–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 16.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04020 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | बरौनी जं. | 18:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ ज., रायबरेली ज. एव मा बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ ज., वाराणसी, औंड़िहार ज., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 04068 | आनन्द विहार (ट.) | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली (वन्दे भारत विशेष) | 08:30 | पटना जं. (वन्दे भारत विशेष) | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद और नींदर बेनाड स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा जं. स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., सतना, मैहर एवं कटनी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| **दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत जं., करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04208 | दिल्ली जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 06:00 | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं हरदोई स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं. | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर, जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन |
| 04010 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., अररिया जं., एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर ज., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 06074 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 04:10 | तिरुवनन्तपुरम उत्तर | 14:15 | मथुरा जं., आगरा कैंट जं., ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., बीना जं., रानी कमलापति, नागपुर जं., बल्हारशाह, वरंगल, विजयवाड़ा जं., नेल्लूर, गूडूर जं., रेणिगुंटा जं., तिरूपति, चित्तूर, काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पुर, पोत्तनूर जं., पालक्काड़ जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जंक्शन एवं कोल्लम जं. |
| **दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुजफ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हजरत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| **दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04068 | आनन्द विहार (ट.) | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# नशे में लड़खड़ाती नई पीढ़ी

**देश में** इस बार होली के अवसर पर कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है इस बार होली में लगा कि पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। होली के अवसर पर युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं और होली में शराब गांजा भांग ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने लगे हैं' नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगभग दुगनी हो गई है। नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में
शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिऐ मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं।

# भाषा को राजनीति का हथियार मत बनाइए



**हृदयनारायण दीक्षित**

> "भारत को भी यह नहीं मानना चाहिए कि आर्य और द्रविड़ नाम की दो प्रजातियां हैं। मैक्समूलर ने बाद में अपनी गलती स्वीकार की और कहा, "जब मैं 'एरियन' शब्द कहता हूं तब मेरा अभिप्राय न रक्त से होता है, न अस्थि, बाल और खप्पर से। मेरा तात्पर्य केवल उन लोगों से है जो आर्य भाषा बोलते हैं।" द्रविड़ शब्द प्रजातिवाचक नहीं है। सम्भवत: यह स्थान वाचक शब्द है। दिनकर ने याद दिलाया है कि प्रजाति की यूरोपीय परिभाषा की दृष्टि से देखा जाए तो गुजरात और महाराष्ट्र में प्रधानता आर्य वंश की होनी चाहिए। लेकिन प्राचीन भारतीय यह नहीं मानते थे। द्रविड़ स्थान का विशेषण था। पंच द्रविड़: में पुराण काल में द्रविड़, आंध्र, कर्नाटक, महाराष्ट्र व गुजरात इन पांच समूहों को गिनते थे। आर्यो और द्रविड़ों के बीच परस्पर प्रेम था। आर्यो की तरह द्रविड़ के ऋषि भी यज्ञ के पुरोहित होते थे"

**राजनीति को** सांस्कृतिक मर्यादा में रहना चाहिए। मर्यादित राजनीति समाज को उत्कृष्ट बनाने में भी उपयोगी रहती है। संस्कृति विहीन अमर्यादित राजनीति तनाव पैदा करती है। भाषा सामाजिक एकता और सुख-दुख बांटने का उपकरण है। राष्ट्रजीवन के सभी व्यापारों के संचालन में भाषा की ही भूमिका है। भाषा पर राजनीति से राष्ट्रीय क्षति होती है। इसलिए भाषा को बांटने वाली राजनीति का हथियार बनाया जाना उचित नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य है कि तमिलनाडु में राष्ट्रभाषा हिन्दी के ही विरुद्ध टिप्पणियां की जा रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने धमकी भरे लहजे में कहा है, "हिन्दी हम पर न थोपी जाए, वरना इसका अंजाम बुरा होगा।" स्टालिन ने इसी बात को बार-बार दोहराया है। वे मयार्दा तोड़ रहे है। रुपया भारतीय मुद्रा है। मुद्रा का भारतीय प्रतिरूप प्रतीक 'रु' तमिलनाडु में भी जारी था। लेकिन राज्य सरकार ने उसे भी हटा दिया है। उत्तर दक्षिण की बातें भी चल निकली हैं। केन्द्र की तरफ से बार-बार स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। लेकिन सतही राजनीति से वातावरण गरमा गया है। द्रविड़ और आर्य नस्ल की बातें भी चल निकली हैं। राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से यह शुभ संकेत नहीं है। आर्य द्रविड़ नस्ल का सिद्धांत अनेक विद्वानों ने खारिज किया है। द्रविड़ और आर्य शब्द सामूहिक पहचान के संदर्भ में प्रयुक्त होते रहे हैं। कुछ यूरोपीय विद्वानों का विचार रहा है कि यह अलग-अलग रेस (नस्ल) हैं। एक विद्वान वीएस गुहा ने 'रेस एफिनिटीज ऑफ द पीपल ऑफ इण्डिया' नाम की पुस्तक लिखी थी। पुस्तक का विवेचन करते हुए सर आर्थर कीव ने लिखा था, "सीमा प्रांत के पठानों और त्रावणकोर की वन्य जातियों को मिलाने वाला सेतु मौजूद है।" विद्वान यह भी कहते रहे हैं कि भारत में दिखाई पड़ने वाली प्रजातिगत विविधताएं इस कारण हैं कि भारतीय जनता के सभी लोग भारत के बाहर से आए हैं। लेकिन किसी ने यह कोशिश नहीं की कि अनेक जातियों का विकास भारत में ही हुआ है। आर्य भारत के ही मूल निवासी हैं। उन्हें विदेशी बताने का कार्य यूरोपीय साजिश थी। डॉ. आम्बेडकर ने आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया है। उन्होंने लिखा है, "आर्य भारत के ही मूल निवासी थे।"



डॉ. आम्बेडकर के अनुसार, "आर्यों का मूल ग्रंथ ऋग्वेद है। ऋग्वेद में नदियों और प्रतीकों के उल्लेख में भारत के ही स्थल हैं। आर्य किसी और देश के होते तो नदियों और स्थान के नाम भारतीय न होते।" यूरोपीय विद्वानों के अनुसार आर्य मध्य एशिया अथवा रूस के दक्षिण भाग में रहते थे। वह वहीं से भारत आए थे। यदि इस निष्कर्ष को सही मान लिया जाए तो प्रश्न उठता है कि आर्यों ने वेदों की तरह और कोई प्रामाणिक साहित्य अपने मूल देश के लिए क्यों नहीं लिखा? कुछ विद्वानों ने द्रविड़ों को भी बाहर से आने वाला बताया है। आर्यों की तरह द्रविड़ भी भारत के मूल निवासी हैं। सवाल यह भी उठाया जाता रहा है कि ऋग्वेद के रचनाकार आर्य भारत की नदियों को माता क्यों कहते हैं? किसी भी दूसरे देश से आया जनसमूह इस देश की नदियों को माता क्यों कहेगा? दर्शन, सभ्यता और संस्कृति पर वैदिक काल से लेकर पुराण काल तक विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। इस पूरे साहित्य में कहीं आर्य आक्रमण के संकेत भी नहीं हैं। आर्यों के विदेशी होने का झूठ साम्राज्यवादी साजिश है। आर्यों और द्रविड़ों के बीच कोई तनाव नहीं रहा। लेकिन स्वार्थी राजनीति द्रविड़ आर्य संघर्ष बताती रही है। 1939 में एक विद्वान जूलियन हक्सले ने कहा था, " प्रजातिवाद का सिद्धांत झूठा है और खतरनाक भी है।" रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार, आर्य शब्द का प्रयोग अंग्रेजी भाषा में सबसे पहले 1853 में मैक्समूलर ने किया था और 1939 में हिटलर ने प्रमाणित कर दिया कि आर्यों को प्रजाति मानने का सिद्धांत खतरनाक है। भारत को भी यह नहीं मानना चाहिए कि आर्य और द्रविड़ नाम की दो प्रजातियां हैं। मैक्समूलर ने बाद में अपनी गलती स्वीकार की और कहा, "जब मैं 'एरियन' शब्द कहता हूं तब मेरा अभिप्राय न रक्त से होता है, न अस्थि, बाल और खप्पर से। मेरा तात्पर्य केवल उन लोगों से है जो आर्य भाषा बोलते हैं।" द्रविड़ शब्द प्रजातिवाचक नहीं है। सम्भवतः यह स्थान वाचक शब्द है। दिनकर ने याद दिलाया है कि प्रजाति की यूरोपीय परिभाषा की दृष्टि से देखा जाए तो गुजरात और महाराष्ट्र में प्रधानता आर्य वंश की होनी चाहिए। लेकिन प्राचीन भारतीय यह नहीं मानते थे। द्रविड़ स्थान का विशेषण था। पंच द्रविड़ः में पुराण काल में द्रविड़, आंध्र, कर्नाटक, महाराष्ट्र व गुजरात इन पांच समूहों को गिनते थे। आर्यों और द्रविड़ों के बीच परस्पर प्रेम था। आर्यों की तरह द्रविड़ के ऋषि भी यज्ञ के पुरोहित होते थे। उन्होंने शास्त्रों की भी रचनाएं की थीं। तमिल के संगम साहित्य की रचना में भी बहुत ब्राह्मण विद्वानों ने सहयोग किया था। द्रविड़ संस्कृत का शब्द है। मनु ने द्रविड़ शब्द का प्रयोग द्रविड़ क्षेत्र के निवासियों के लिए किया है। कुमारिल भट्ट ने इसका प्रयोग भाषा की सूचना देने के लिए किया है। द्रविड़ों को अलग नस्ल या प्रजाति बनाने का काम यूरोपीय विद्वानों ने किया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने दिनकर की लिखी 'संस्कृति के चार अध्याय' पुस्तक की प्रस्तावना लिखी थी। लिखते हैं, "सम्भावना यह है कि भारत में संस्कृति के सबसे प्रबल उपकरण आर्यों और आर्यों से पहले के भारतवासियों, खासकर, द्रविड़ों के मिलने से उत्पन्न हुए। इस मिलन, मिश्रण या समन्वय से एक बहुत बड़ी संस्कृति उत्पन्न हुई, जिसका प्रतिनिधित्व हमारी प्राचीन भाषा संस्कृत करती है। संस्कृत और प्राचीन पहलवी, ये दोनों भाषाएं एक ही मां से मध्य एशिया में जन्मी थीं, किन्तु भारत में आकर संस्कृत ही यहां की राष्ट्रभाषा हो गई। यहां संस्कृत के विकास में उत्तर और दक्षिण, दोनों ने योगदान दिया। सच तो यह है कि आगे चलकर संस्कृत के उत्थान में दक्षिणवालों का अंशदान अत्यन्त प्रमुख रहा। संस्कृत हमारी जनता के विचार और धर्म का ही प्रतीक नहीं बनी, वरन भारत की सांस्कृतिक एकता भी उसी भाषा में साकार हुई। बुद्ध के समय से लेकर अब तक संस्कृत यहां की जनता की बोली जाने वाली भाषा कभी नहीं रही है, फिर भी, सारे भारतवर्ष पर वह अपना प्रचुर प्रभाव डालती ही आई है।" नेहरू जी आर्यों को विदेशी मानते थे। सत्य यह है कि आर्य भारतीय ही थे। संस्कृति का विकास भारतवासियों ने किया। द्रविड़ सहित सभी जनों ने संस्कृति का संवर्द्धन किया है। उत्तर दक्षिण की बातें करना खतरनाक है। भारतीय समाज के किसी भी छोटे या बड़े समूह के मध्य अलगाव सिद्ध करना सद्विचार नहीं है। भारत के सबसे बड़े दार्शनिक शंकराचार्य दक्षिण के ही थे और रामानुज भी। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी तमिलनाडु के ही थे। भारतीय दर्शन के व्याख्याता, दार्शनिक, राजनेता और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी तमिलनाडु के हैं। प्रख्यात वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम भी दक्षिण के ही थे। ऐसे सभी विद्वानों ने समूचे देश में व दुनिया के अन्य देशों में भी भारतीय दर्शन और संस्कृति को प्रभावित किया है। देश के कोने-कोने सभी वर्गों समूहों में इन महानुभावों का प्रभाव साफ दिखाई पड़ता है। भक्ति दर्शन का आदि क्षेत्र दक्षिण में ही था। हम सबको पूर्वजों पर गर्व होना चाहिए।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## कविता

प्यार के इतने हमने रंग डाले हैं।

उनके तो अंदाज ही निराले हैं
प्यार में कितने जख्म पाले हैं।

मौज करते हैं यह मांग मांग कर
यह जवान हाथ पैर वाले हैं।

जिंदगी की उमंगो के परिंदे
कुछ आधे गोरे कुछ काले हैं।

मौत तो आसान हो गई लेकिन
जिंदगी के कितने पड़े लाले हैं।

बादलों का आता-पता भी नहीं
सुखी नदियां हैं खुश्क नाले हैं।

उनकी दोस्ती का अंदाज जुदा है
हमने तो आस्तीन में सांप पाले हैं।

उनका खिल उठा चेहरा संजीव
प्यार के इतने हमने रंग डाले हैं।

संजीव

---------

# संवाद का सशक्त माध्यम है पदयात्रा

**रमेश चंद**

यात्रा के विभिन्न प्रकार है। पैदल, कांवड़, गधा, घोड़ा, ऊंट, हाथी, याक, बैल, भैंसा, कुत्ता गाड़ी, बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, तांगा, रथ, नाव, जहाज, साईकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, जीप, कार,बस, हवाई जहाज, हवाई यानसे लेकर अब रॉकेट भी। इनमें पैदल यात्रा का विशेष स्थान और महत्व रहा है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम से लेकर गांधी, विनोबा, जयप्रकाश, तक पदयात्राओं का अच्छा खासा चलन रहा है। भारतीय दर्शन, संस्कृति और परम्परा हमेशा सर्व समावेशक रही है। यहाँ खण्ड का नहीं पूर्ण का चिंतन हुआ है। वसुधैव कुटुम्बकम का उद्घोष भारत भूमि से ही हुआ है। हमारा ध्येयवाक्य "अनेकता में एकता" का रहा है। "सत्यमेव जयते", "जय जगत", "सबै भूमि गोपाल की", "सत्याग्रह", "जन शक्ति" ने दिशा निर्देश दिया है।
पदयात्रा बहुत ही पुरातन काल से एक सशक्त माध्यम रहा है। जब पहिया, चक्कर मानव जीवन में नहीं आया था, उससे भी बहुत पहले से पदयात्रा अस्तित्व में थी। एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने के लिए पदयात्रा ही एकमात्र साधन था। धीरे-धीरे पशु, पहिया, यंत्र वो भी गति बढ़ाते हुए इंसान के हाथ लगता रहा और तेज से तेज गति के साधन, यंत्र, उपकरण तैयार किए जाने लगे। औद्योगिक क्रांति ने केन्द्रित उत्पादन, एक साथ अधिक उत्पादन के द्वारा एक ऐसा बाजार, मंडी खड़ी की जिसमें इंसान भी एक साधन, वस्तु के रूप में देखा जाने लगा। श्रम और श्रमिकों का राज्य और पूंजी ने मिलकर खुलेतौर पर शोषण किया। श्रम एक शक्ति न रहकर शोषित, कमजोर वर्ग के कार्य के रूप में देखा जाने लगी। आदमी के स्थान पर मशीन, यंत्र कब्जा करने लगे। असीम विकास की राह मानव ने अंधी दौड़ के रूप में धारण की। इससे केन्द्रीयकरण का रास्ता खुला। साधन जो प्राकृतिक रूप से सबके लिए सहजता से उपलब्ध थे। वे राज्य सरकार, सत्ता, बड़े व्यापारियों के हाथों तक सीमित होते-होते, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक के कब्जे में आने लगे। गरीब-अमीर, छोटे-बड़े का अंतर थोड़ा बढ़ा ही नहीं बल्कि असमानता की खाई असहनीय हो गई। लोगों, समुदाय, समाज के हाथ से साधन फिसलने लगे। हालात ऐसे बने कि एक ओर कुछ नहीं तो दूसरी ओर साधन, संपत्ति के अपार भंडार बन गए।आज दुनिया में एक ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जिससे परस्पर संकीर्णता, असहिष्णुता, अलगाव, विद्वेष, भय, भेद, शोषण, लूट, हिंसा, आतंक, युद्ध, नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। इंसान से ज्यादा महत्वपूर्ण बाजार, विज्ञापन, उत्पाद, पैसा होता जा रहा है। दुनिया में हिंसा का श्राप, पैसे का पाप, धरती का ताप बढ़ रहा है। इस श्राप, पाप, ताप से बचने के लिए हमें प्रकृति की ओर लौटना होगा। ग्राम संस्कृति, खेती, पशुपालन, घरेलू उद्योग, ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग, लघु उद्योग की राह आशा की किरण के रूप में जुगनू की तरह टिमटिमाती नजर आ रही है।

## विचार

# शतरंज की बिसात पर महेंद्र का हुनर बोलता

**हेमन्त खुटे**

शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति अपने हौसले के दम पर स्वयं में निखार लाकर प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता जाता है ।

"जहां चाह वहां राह" इस वाक्य को चरितार्थ किया है मूकबधिर शतरंज खिलाड़ी महेंद्र पाल ने। शारीरिक असमर्थता और चुनौतियों से भरपूर संघर्ष करने के बावजूद आज उनका मनोबल इतना ऊंचा है कि पंडरिया जैसे छोटे कस्बे से शतरंज की बिसात पर अपना जौहर दिखाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। मैसूर में आयोजित 25 वीं राष्ट्रीय बधिर शतरंज प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु भारतीय टीम में जगह बनाने में शानदार कामयाबी हासिल की है।

**पारिवारिक पृष्ठभूमि***

महेंद्र के साथ घर पर माता - पिता व भाई - बहन रहते हैं। महेंद्र के दो छोटे - छोटे बच्चे है। पिता जी का गांव में ही एक छोटी सी किराने की दुकान है।जहां महेंद्र दुकान मे बैठकर अपने पिताजी के साथ उनके कामों में हाथ बटाते हैं।

**शतरंज के प्रति रुझान***

महेंद्र पाल जब कक्षा चौथी में पढ़ते थे उसी समय से स्कूल में थोड़ा बहुत शतरंज खेलना सीख लिया था। धीरे - धीरे उनका रुझान इसमें बढ़ता गया । महेंद्र पंडरिया गांव से पांच किलोमीटर दूर तखतपुर शतरंज क्लब में सायकल या फिर किसी से बाइक में लिफ्ट मांग कर आते थे खेलने। शतरंज की बारीकियां इन्होंने तखतपुर के शतरंज क्लब से सीखी । महेंद्र रोजाना 8 से 10 घंटे क्लब में ही अभ्यास किया करते थे ।

**आर्थिक तंगी के बावजूद सफलता के शिखर पर**

40 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी महेंद्र पाल की माली हालत ठीक नहीं है। महेंद्र ने कक्षा 8 वीं तक की पढ़ाई मूकबधिर विद्यालय तिफरा (बिलासपुर) से की है। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं होने के कारण नियमित रूप से पढ़ाई नहीं कर सके। 10 वीं कक्षा की परीक्षा इन्होंने ओपन बोर्ड से उत्तीर्ण की । शहर से बाहर शतरंज खेलने के लिए आने - जाने हेतु उनके पास पैसे नहीं होते थे । उनके खेल को देखकर परिवार वालों ने और दोस्तों ने आर्थिक मदद की और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल हो सके। महेंद्र ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद शतरंज के प्रति अपनी अभिरुचि को कम होने नही दिया। शतरंज खेल के प्रति उनकी लगन और मेहनत का फल है जिसके चलते आज वे देश - प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना पाए हैं।

**दिग्गज खिलाड़ियों को दे चुके है मात**

शतरंज की बिसात पर महेंद्र के दौड़ते है हाथी और घोड़े। प्यादे की चाल हो या वजीर की। घोड़े की टेढ़ी चाल हो या ऊंट की तिरछी। प्रतिद्वंदी के लिए इनके दांव - पेंच को समझ पाना टेढ़ी खीर है। जब शतरंज की बिसात बिछती है तो अच्छे - अच्छे दिग्गज खिलाड़ी इनकी प्रतिभा के सामने घुटने टेक देते हैं।

**शतरंज सम्राट की जादुई बाजी देखने से बढ़ा मानसिक मनोबल**

महेंद्र पाल के कोच रामकुमार ठाकुर ने बताया कि स्पर्धा के दौरान एक मैच हार जाने के बाद उनका आत्मबल डगमगा गया था तब मैंने हेमंत खुटे की शतरंज की जादुई बाजी उन्हें बोर्ड पर रात में खेलकर दिखायी थी। जादुई बाजी देखकर वे काफी प्रफुल्लित हुए और प्रतियोगिता की आखिरी बाजी उन्होंने भी जादुई अंदाज में खेलते हुए जीत ली और इस तरह से मैसूर में आयोजित 25 वीं राष्ट्रीय बधिर शतरंज स्पर्धा में चौथा स्थान पाकर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु भारतीय टीम में जगह बनाई।

**शतरंज से जुड़ी प्रमुख उपलब्धियां**

14 वीं, 15 वीं 16 वीं, 17 वीं ,
18 वीं व 25 वीं ऑल इंडिया डेफ नेशनल चेस चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व।
लगभग 15 से 20 बार राज्य स्तर पर खुली स्पर्धा में भागीदारी ।

**1600 की इलो रेटिंग ।**

दिव्यांग खिलाड़ी के हुनर से बढ़ा छत्तीसगढ़ का मान - सम्मान महेंद्र बोल - सुन नहीं सकते इसके बावजूद उनका शतरंज की बिसात पर हुनर कम नहीं है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# था बहुत शोर कि गालिब के उड़ेंगे पुर्जे

**और मुल्क में होली भी हो गयी और जुमे की नमाज भी लेकिन गालिब के पुर्जे नहीं उड़े। गालिब ने खुद लिखा था -**

था बहुत शोर कि गालिब के उड़ेंगे पुर्जे
देखने हम भी गए पै ये तमाशा न हुआ

अब गालिब तो औरंगजेब नहीं है जो उनका नाम लेना कुफ्र माना जाये ,गालिब का नाम लेने वालों का कमबख्त यूपी में इलाज भी नहीं किया जा सकता। क्योंकि गालिब न अबू आजम हैं और न आदित्यनाथ योगी । गालिब एक आम हिंदुस्तानी थे, ठीक उसी तरह जैसे करोड़ों दूसरे मुसलमान हिंदुस्तानी हैं। होली पर पहली बार देश में जुमे की नमाज को लेकर हौवा खड़ा किया गया । मस्जिदों पर परदे तान दिए गये । लगा कि जैसे मुल्क में अनहोनी होने वाली है ,लेकिन कुछ नहीं हुआ। होली भी मस्ती के साथ खेली गयी और जुमे कि नमाज भी खुलूस के साथ अता की गयी। शाहजहांपुर में लाट साहब की सवारी निकाली गयी। इस सवारी के ऊपर मुसलमानों ने फूल बरसाए। सम्भल में भी कुछ नहीं हुआ ,हालाँकि वहां सीओ अनुज चौधरी को सूबे की सत्ता ने हीरो बना दिया। मुमकिन है कि आने वाले दिनों में वे यहां से कोई चुनाव भी लड़ जाएँ।या अजय देवगन कोई नई फिल्म बना दें
होली पर रंगों ने अपना असर दिखाया और रंग में भंग करने कि कोशिश करने वाले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना रंग दिखाया । उन्होंने होली पर भी गोरखपुर में सियासी भाषण दिया। आखिर योगी जी आसानी से न सुधर सकते हैं और न बदल सकते हैं। वे बकौल गालिब

**इस सादगी पे कौन न मर जाए ऐ खुदा,**
**लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं।**

बिना हाथ में तलबार लिए केवल जुबान की कैंची से खूंरेजी करने अले अकेले योगी जी नहीं हैं। मुल्क में बहुत से रंगरेज हैं जो अपने वाने से दिखते कुछ और हैं ,लेकिन होते कुछ और हैं। लेकिन इस मुल्क का अवाम पहचानता सभी को है। प्रतिक्रिया भी करता है। मुझे लगता है कि ऐसा शुरू से होता आया है और आगे भी होता रहेगा।

# सरकारी दफ्तर की चाय

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सुबह** के दस बजे थे। सरकारी दफ्तर में गहमागहमी शुरू हो चुकी थी। बाबू लोगों की टेबलों पर फाइलें फैली पड़ी थीं, जैसे किसी कवि के दिमाग में बिखरे हुए शेर। चपरासी अपनी धज में इधर-उधर घूम रहा था, मानो बिना स्क्रिप्ट के कोई थिएटर कलाकार मंच पर घूमता हो। सरकारी बाबुओं के चेहरे पर वही पुरानी उदासी थी, जो तनख्वाह से पांच दिन बाद ही बैंक बैलेंस में आ जाती है। तभी दरवाजे पर एक सज्जन नमूदार हुए। चेहरे से लग रहा था कि पहली बार सरकारी दफ्तर की पवित्र भूमि पर पधारे हैं। उनकी आँखों में उम्मीद थी, जैसी सरकार बजट पेश करने से पहले जनता की आँखों में भरती है।
"साहब, मेरा एक छोटा-सा काम था" आदमी ने धीरे से कहा।
बाबूजी ने चश्मा ठीक किया, जैसे डॉक्टर मरीज की नब्ज टटोलता हो। फिर बोले, "काम छोटा हो या बड़ा, सरकारी दफ्तर में एक ही दरजे का होता है—पेंडिंग!" आदमी की आँखें छलक आईं, लेकिन बाबूजी ने तुरंत एक सांत्वना भरी मुस्कान फेंकी, "आप परेशान न हों, काम हो जाएगा। बस, थोड़ा समय और थोड़ा समर्पण चाहिए।" समर्पण शब्द पर उन्होंने खास जोर दिया, जैसे शिक्षक परीक्षा में पास होने के लिए ट्यूशन का महत्व समझाता है। काम की प्रक्रिया शुरू हो, इससे पहले ही चाय वाले रामू काका आ धमके। "साहब, आज की चाय ले आऊँ?" रामू काका की आवाज में वही श्रद्धा थी, जो भक्त केदारनाथ के कपाट खुलने पर प्रकट करता है। बाबूजी ने गहरी सोच में डूबकर कहा, "हां, लेकिन आज कुछ स्पेशल होना चाहिए।"
"क्या स्पेशल साहब?" रामू काका ने मुस्कुराते हुए पूछा।
"आज चाय में जनता के आँसू मिलाने हैं।"
रामू काका हँस दिए। नए आदमी की आँखें आश्चर्य से फैल गईं। "साहब, मैं समझा नहीं।"
बाबूजी ने उसे प्यार से समझाया, "देखिए, यह सरकारी दफ्तर है। यहाँ हर चाय में जनता की मेहनत, उम्मीद, और आंसू घुले होते हैं।"

## न्यूज फ्लैश

### एक शाम होली के गीतों के नाम संध्या ने सभी का मन मोहा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** होली की पूर्व संध्या पर मनिंदर बब्बू केरोके क्लब ने शहर के एक होटल में रग बिरंगा गीतों का गुलदस्ता प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी ने यादगार गीतों की प्रस्तुति दी। गीतों भरी शाम को मनिंदर सिंह बब्बू और अरविंदर सिंह ने स्वरों के संयोजन के साथ संजोया। सभी को होली के उपहार दिए गए।
कार्यक्रम का संयोजन विनस छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम का आगाज अरविंदर सिंह और मनिंदर सिंह बब्बू ने दिल तो पागल है गीत गाकर किया। इसके बाद अनिरुद्ध कालड़ा तथा पुष्पा कालड़ा ने ये पर्दा हटा दो, कंवल कुमार और रजनी ने आ मैरे हमजोली, प्रदीप त्यागी और संगीता ने नैनो में सपना, हरीश वधावन और किरण रावल ने आजा सनम, अवतार सिंह तारी, रसनीत मक्कड़, नरेश दत्त, शिखा दत्त, अनिल गिरधर, किरण रावल, विजय शर्मा, नेहा, अवतार सिंह तारी और उर्मिला ने छुप गए सारे नजारे ओए क्या बात हो गई, देवेंद्र अरोड़ा, ऊषा, अरुण थापर और रश्मि ने होली खेले रघुबीरा, जगमोहन सिंह ने गीत प्रस्तुत किए।
इस सफर को आगे बढ़ाया अंजली शर्मा और पूनम शर्मा की जोड़ी ने। विनय छाबड़ा और गीता छाबड़ा की जोड़ी ने उड़ें जब-जब जुल्फें तेरी, राकेश बंसल और अजय जैन ने यह दोस्ती, विनोद भाटिया और जरनैल सिंह, रंजीत गिल, राजेश योगी, योगिंदर सिसोदिया, अमरजीत सिंह, इंद्र सचदेवा, सीमा सचदेवा के बाद अनिता गुप्ता और सुनीता कुकरेजा ने गीत प्रस्तुत किए।

### केक काटकर मनाया गया बसपा संस्थापक साहब कांशी राम का जन्मदिन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा बामसेफ डीएस-4 व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक साहब कांशीराम जी का 91वां जन्मदिन सेक्टर-16 स्थित डॉ.अम्बेडकर भवन में मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव रामदास कर्णवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविन्द बौद्य ने की। बसपा कार्यकताओं ने साहब कांशी राम जी का जन्मदिन केक काटकर और लड्डू बांटकर मनाया।
रामदास कर्णवाल ने कहा कि साहब कांशी राम जी का जन्मदिन पूरे देश में बहन कुमारी मायावती के आदेशनुसार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इनका जन्म 15 मार्च 1934 को बुंगा साहिब जिला रोपड़ इनके ननिहाल में हुआ। इनका पैतृक गांव ख्वासपुर जिला रोपड़ है। यह बचपन से ही दृढ़ निश्चय वाले थे, पढ़-लिखकर उच्च शिक्षा ग्रहण की और इसके बाद परमाणु अनुसंधान संस्थान पूना में वैज्ञानिक के पद पर नौकरी की। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से प्रभावित होकर इनके मिशन को आगे बढ़ाने में लग गए। वहीं पर दीना भाना चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा साहब कांशी राम को बाबा साहब के बारे में बताया गया। इनकी बातों से प्रभावित होकर निश्चय किया कि मैं बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए ताउम्र काम करता रहूंगा और प्रण लिया कि मैं शादी नहीं कराऊंगा और घर नहीं जाऊंगा, किसी की शादी में व खुशी में नहीं जाऊंगा और इस प्रण को ताउम्र निभाया।
उन्होंने कहा कि कांशी राम ने 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया। 3 जून 1995 को बहुजन समाज पार्टी की उत्तरप्रदेश में सरकार बनाई और बहन कुमारी मायावती को बहुजन समाज पार्टी का प्रथम मुख्यमंत्री बनाया और अपने जीवन के 43 वर्ष बहुजन समाज को जगाने में लगा दिए। नारा दिया बीएसपी की क्या पहचान, नीला झण्डा हाथी निशान।

# राई और राईवासियों का उत्थाान ही उनका एकमात्र लक्ष्य है: विधायक

**हलकावासियों और अधिकारियों के साथ भी विचार-विमर्श जारी रहता है। राई के विकास में कोई कोर कसर शेष नहीं रहेगी**

टीम एक्शन इंडिया
**राई (संजीव कौशिक:** राई हलके के विकास को ग ?ति देते हुए विधायक कृष्णाा गहलावत ने नव स्थापित ३३ केवी के सब स्टेशन को लोकार्पित किया, जिससे हजारों ग्रामीणों व किसानों को निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। साथ ही उन्होंने बहालगढ़ से असदपुर यमुनाघाट तक सड़क के मरम्मत व सौंदर्यकरण के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। उन्होंने हलकावासियों विकास के मामले में आश्वस्त करते हुए कहा कि लोगों को अब चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राई और राईवासियों का उत्थाान ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। बिजली के ३३ केवी सब स्टेशन का लोकार्पण समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक एवं




पूर्व मंत्री कृष्णा् गहलावत ने कहा कि इस पावर हाउस की क्षमता बीस मेगा वाट है। इससे विशेष रूप से राई के गांव असावरपुर के करीब चार हजार उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। नजदीकी गांव को भी इससे जोड़ा जाएगा। साथ में पांच सौ किसानों को भी इससे जोड़ा जाएगा। इस पावर हाउस की स्थालपना पर करीब आठ करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने बताया कि कुंडली में नई डिवीजन स्थापपित करवाई है जिसका कार्यालय ३३ केवी पावर हाउस नंबर-२ सेवली रोड पर होगा। इससे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा और उन्हें सोनीपत जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही उन्होंने बताया ?कि हलके में बीस नये ट्रांसफार्म भी लगवाये गये हैं, जिससे लोगों को अच्छी विद्युत आपूर्ति मिलेगी।
इस दौरान विधायक कृष्णार गहलावत ने बताया कि बहालगढ़ से असदपुर यमुनाघाट वाया चौहानजोशी-दीपालपुर-मुकीमपुर-नांदनौर सड़क की मरम्मत व सौंदर्यकरण के लिए नौ करोड़ २७ लाख ८५ हजार रुपये मंजूर करवाये हैं। इसका निर्माण कार्य भी समयबद्धता के साथ पूरा करवाया जाएगा। वे राई हलके के चहुंमुखी विकास को समर्पित हैं, जिसके लिए लगातार मंथन करती रहती हैं। हलकावासियों और अधिकारियों के साथ भी विचार-विमर्श जारी रहता है। राई के विकास में कोई कोर कसर शेष नहीं रहेगी।

### होली खेलने गए किशोर की चाकू से गोदकर हत्या

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** सेक्टर-12 में होली के दिन एक छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमलावर ही उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे और वहीं छोडकर भाग भी गए। मृतक किशोर अपने दोस्त के साथ करनाल आया हुआ था। इसी दौरान उसके दोस्त के साथी का किसी के साथ झगड़ा हो गया। उसी झगड़े में युवक बीच.बचाव कर रहा था। तभी हमलावरों ने उसे चाकुओं से गोद दिया।
मृतक की पहचान खेड़ा छपरा गांव के 17 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है, जो 11वीं का छात्र था। घटना की सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
पुलिस के अनुसार सेक्टर-12 की



सैनी कॉलोनी में अंकुर का घर है। अंकुर शेखपुरा गांव के रहने वाले देव को अपना मुंह बोला भाई मानता है। शुक्रवार शाम को देव अपने दोस्त हिमांशु के साथ करनाल में आया हुआ था। वह अंकुर से मिलने आया। उस समय अंकुर के घर में उसके कुछ अन्य दोस्त भी बैठे हुए थे और होली इंजॉय कर रहे थे। इसी दौरान अंकुर के पास बलड़ी गांव के कुछ युवकों का कॉल आया और उसे घर से बाहर आने के लिए कहा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**जींद।** जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे पर गांव अलेवा के निकट शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मृतक दिल्ली मेट्रो में काम करते थे। गांव कुलतारन निवासी नवीन तथा गांव पाडला निवासी आशीष बीती देर शाम दिल्ली से बाइक पर सवार होकर जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे से अपने घर लौट रहे थे। गांव अलेवा के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

# प्रदेश में घूम-घूम कर सीएम ने लिए सुझाव

टीम एक्शन इंडिया
**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में घूम-घूमकर व हर वर्ग से मिल-बैठकर चर्चा करते हुए जनहित का बजट तैयार किया है और सोमवार को जनता की भलाई में आ रहे इस बजट में उनके निरन्तर किए गए प्रयास व सुझावों की झलक नजर आएगी। शनिवार को सहकारिता मंत्री गोहाना में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे थे। खानपुर मंडल अध्यक्ष प्रवीण खुराना उर्फ जस्सी के गांव नगर स्तिथ आवास पर जलपान कार्यक्रम में पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 17 मार्च को हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह



सैनी वित्तमंत्री के नाते एक बेहतरीन बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में घूम-घूमकर व सबसे चर्चा करके जनहित के बजट तैयार किया है। इस बजट के लिए उन्होंने किसान, युवा, महिला, व्यापारी, हर समुदाय के साथ अलग-अलग मंचों पर चर्चा की। यही नहीं, प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के साथ पंचकूला में दो दिवसीय प्री बजट बैठक करते हुए सुझाव लिए गए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बजट की तैयारी को लेकर खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी न केवल उपलब्ध रहे, अपितु हर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर संबंधित वर्ग से चर्चा करते हुए उसके निदान के लिए भी रूपरेखा बनाई, जिसकी झलक बजट में नजर आएगी।

**कर्मठ साथी को खो दिया पार्टी ने, अपराध क्षमायोग्य नहीं**
कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भाजपा मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र जवाहरा की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक निष्ठावान कार्यकर्ता साथी खो दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। उन्होंने पूरी घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से भी बात करने उपरांत बताया कि इस मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह अपराध क्षमायोग्य नहीं है।

### पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब पकड़ी, चालक काबू

**हिसार।** पुलिस टीम ने एयरपोर्ट के पास वाहनों की चैकिंग के दौरान बोलेरो गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी में मिली 35 पेटी अवैध शराब की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि एक बोलेरो कैंपर हिसार की तरफ आ रही है, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। यह गाड़ी तलवंडी राणा से धांसू की ओर आ रही है। अगर नाकाबंदी की जाए तो भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी जाएगी। इसके बाद पुलिस ने तलवंडी राणा टी प्वाइंट नजदीक गैस प्लाट धान्सू रोड़ हिसार पर नाकाबंदी कर सामने आ रही बोलेरो को रुकवा दिया और तलाशी ली तो उसमें से 35 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने अंग्रेजी शराब मार्का ऑल सीजन 2 पेटी, इंपीरियल ब्लू 2 पेटी, रॉयल स्टैग 3 पेटी, मैक डोनाल्ड 2 पेटी, बीयर 14 पेटी और 12 पेटी देसी शराब मौके से पकड़कर जब्त कर ली। पुलिस ने बोलेरो चालक से शराब बारे परमिट मांगा तो वह कोई कागज नहीं दिखा पाया। चालक दिनेश फतेहाबाद के वार्ड 17 स्थित शिव नगर का रहने वाला है। उसने पूछताछ में बताया कि यह अवैध शराब खटाना वाइन के मालिक इंद्रोष खटाना की है। पुलिस ने चालक दिनेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# खाद्य एवं पूर्ति विभाग कार्यालय में मनाया विश्व उपभोक्ता दिवस

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़।** खाद्य एवं पूर्ति विभाग कार्यालय में शनिवार को विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया गया, जिसमें ग्राहकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। ग्राहकों के साथ फ्रॉड होने की स्थिति में कहां शिकायत करें, इसको लेकर भी जानकारी दी गई। इस दौरान हरियाणा सरकार की योजना हर घर हर ग्रहिणी के बारे में उपोभक्तों को विस्तार से बताया गया तथा अपना रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए जागरूक किया



गया।
एएफएसओ ध्यान सिंह ने बताया कि जेएफ कनेडी ने 1983 में पहली बार अमेरिकन कांग्रेस के सामने उपभोक्ताओं के अधिकारों की बात की थी। उसने चार अधिकारों के बारे में कहा था, जिसमें राइट-टू-बीहर्ड, राइट-टू-चूज, राइट-टू-सेफ्टी व राइट टू इंफॉर्मेशन शामिल है। एएफएसओ ने बताया कि भारत में पहली बार उपभोक्ता दिवस 1986 में मनाया गया था। तब से हर वर्ष उपभोक्ता दिवस पर लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। हर वर्ष विश्व उपभोक्ता दिवस की कोई थीम होती है। उन्होंने बताया कि अगर किसी कंज्यूमर के साथ कोई फ्रॉड होता है या दुकानदार सामान खराब होने पर उसे नहीं बदलता तो उसके खिलाफ कंज्यूमर कोर्ट में शिकायत कर सकते है। जिला स्तर पर एक करोड़, राज्य स्तर पर 10 करोड़ व नेशनल स्तर पर 10 करोड़ से अधिक के मामले की शिकायत की जा सकती है। न्यू पब्लिक मैनेजमेंट ने उपभोक्ता को किंग की संज्ञा दी है। एएफएसओ ने बताया कि अगर किसी के साथ कोई धोखाधड़ी होती है तो वह शिकायत कर सकते है। विभाग के पास राशन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत आती है, जिनका समाधान किया जाता है। विभाग अपने स्तर पर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करता है।
इस मौके पर लीला कुमारी, भगवती देवी, रामबाबू, रमेश, छाटूराम, चंदन, राकेश कुमार, रमेश, अवधेश, श्रवण कुमार,

# लेफ्टिनेंट सुमित कुमार गांव पहुंचने पर किया स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास निवासी सुमित कुमार ने लेफ्टिनेंट बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव का मान बढ़ाया। जब वे अपनी इस उपलब्धि के साथ गांव लौटे तो ग्रामीणों ने भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। शहीद गेट पर पारंपरिक पगड़ी समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद सुमित ने बाबा रूपदास मंदिर की यात्रा कर आशीर्वाद लिया। गांव की पंचायत ने विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सुमित की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। इस दौरान उनके दादा शुभराम सिंह और दादी बसंती देवी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीआर ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल संस्थापक रामसिंह यादव, चेयरमैन रूपराम यादव, छोटेलाल, लालसिंह, अमीचंद, थानेदार राम अवतार, मास्टर मनोज कुमार, कप्तान हरपाल सिंह, पूर्व कमांडेंट लालचंद, पूर्व प्राचार्य रामअवतार यादव, रामकुमार, पूर्व कमांडेंट लालचंद, ब्लॉक चेयरपर्सन विजयलक्ष्मी और सरपंच संजय कुमार सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। सभी ने सुमित का फूलों की माला और पारंपरिक पगड़ी के साथ गर्मजोशी से स्वागत किय। सुमित कुमार ने देश की सेवा के लिए एक शानदार कॉर्पोरेट करियर को त्यागकर भारतीय सेना का रुख किया। वे पहले जेपी मॉर्गन जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत थे, लेकिन मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए सेना में शामिल होने का फैसला लिया। उनके पिता लेफ्टिनेंट कर्नल रामपाल सिंह वर्तमान में बंगाल इंजीनियर्स में एक सर्विंग ऑफिसर हैं, जबकि उनके जीजा लेफ्टिनेंट कमांडर विवेक यादव भारतीय नौसेना में कार्यरत हैं।

### मेले में आई महिला के गले से काटी सोने की चैन

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़।** गांव पालड़ी पनिहार के बाबा रूपादास के मेले में महिला के गले से सोने की चैन काट ली। सोने की चैन वजन लगभग 24 ग्राम था। पीड़ित महिला के पति ने पुलिस थाने में शिकायत देकर चैन बरामद करने तथा चोर को पकड़ने की मांग की हैं। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।
अमरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव पालडी पनिहारा का निवासी हैं। बीती 14 माच को समय करीब लगभग 11.50 बजे वह और उसकी पत्नी बाबा रूपादास के मेले में गए थे।

# हाईवे पर कंबाइन और बस की टक्कर, 01 की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिले में झिलमिल ढाबा के नजदीक शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां पर राजस्थान रोडवेज की बस और कंबाइन की टक्कर हो गई, जिसमें बस सडक से उतरकर खाई में जा गिरी और पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जयपुर से लुधियाना जा रही राजस्थान रोडवेज की बस झिलमिल ढाबा के पास पहुंची तो




सामने से आ रही कंबाइन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंबाइन का पिछला हिस्सा हाईवे पर पलट गया, जिससे सडक पर जाम लग गया। वहीं बस असंतुलित होकर सडक से नीचे उतर गई और खाई में गिरते हुए एक पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में बैठे लोग घबरा गए और चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। ढाबे पर मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बस का इमरजेंसी एग्जिट खोला और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर हडकंप की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि कंबाइन पहले से ही सडक पर पलटी हुई थी। बस ड्राइवर ने कंबाइन को बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर शवगृह में भिजवा दिया गया है। मृतक बस ड्राइवर की पहचान बुडा सिंह के रूप में हुई है, जो राजस्थान का रहने वाला था।

# करनाल के किसान की गाय सोनी ने तोड़ा एशिया का रिकॉर्ड

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिले के किसान की गाय सोनी ने नया रिकॉर्ड बनाया है। गाय ने 24 घंटे में 87 किलो 740 ग्राम दूध देकर एशिया में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आयोजित डेयरी मेले में दर्ज हुई। दूसरे नंबर पर रहने वाली गाय ने 70 किलो 548 ग्राम दूध दिया। दोनों गाय एक ही किसान सुनील मेहला की हैं। ये हॉल्स्टीन फ्रिसियन नस्ल की हैं। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि उनकी डेयरी की गाय ने ही लगातार दूसरी बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा है।
झिंझाड़ी गांव के सुनील मेहला ने



बताया कि करनाल स्थित एनडीआरआइ में आयोजित डेयरी मेले में उनकी गाय ने 87 किलो 740 ग्राम दूध देकर नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले 2024 में कुरुक्षेत्र डीएफए मेले में उनकी ही डेयरी की गाय ने 80 किलो 756 ग्राम दूध देकर रिकॉर्ड बनाया था, जिसे अब उनकी दूसरी गाय सोनी ने तोड़ा। एनडीआरआई की तरफ से इसका रिजल्ट जारी किया गया है। सुनील ने बताया कि उनके दादा और पिता भी पशुपालन से जुड़े थे। ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने नौकरी के बजाय पशुपालन को ही अपनाया और 2014 में खुद की ब्रीडिंग शुरू की। 2017 में पहली बार प्रतियोगिताओं में भाग लेने का फैसला किया। इसी साल एनडीआरआई में आयोजित

**रिकॉर्ड तोड़**

**गाय ने 24 घंटे में 87 किलो 740 ग्राम दूध देकर एशिया में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय का रिकॉर्ड तोड़ दिया।**

प्रतियोगिता में उनकी गाय ने 48 किलोग्राम दूध देकर दूसरा स्थान हासिल किया था। इसके बाद कुरुक्षेत्र डीएफए मेले में अब तक उनकी गाय 6 बार भाग ले चुकी है, जिसमें 5 बार पहला स्थान और एक बार दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सुनील के भाई शैंकी ने बताया कि उनके डेयरी फार्म पर हर साल 30 से 35 बछड़े और बछडियां पैदा होती हैं। इनमें से 10-15 गायों को बेचा भी जाता है, लेकिन जो गायें रिकॉर्ड बनाती हैं, उन्हें बेचने का सवाल ही नहीं उठता। सोनी जैसी गायों की ब्रीडिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में दूध उत्पादन और भी बढ़ेगा। शैंकी ने बताया कि सोनी उनकी डेयरी की सबसे पहली बछड़ी थी, जिससे उन्हें खास लगाव रहा है। यही कारण है कि उसकी देखभाल भी विशेष रूप से की जाती है।
अब तक वह 5 बार ब्यांत कर चुकी है और जब भी प्रतियोगिताओं में गईए तीन बार पहला स्थान, एक बार दूसरा और एक बार तीसरा स्थान हासिल किया। इस गाय को वह भाग्यशाली मानते हैं और इसकी उम्र फिलहाल 8 साल है।

# श्री विष्णु भगवान मंदिर में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में श्री विष्णु सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगों के महापर्व होली का आनंद लिया। समिति प्रधान मनोहर लाल झुकिया, कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा, महासचिव प्रोफेसर सुधीर कुमार, संजय मित्तल, मंदिर प्रभारी शंकर लाल ने आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनाकर एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल



लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। महिलाओं ने पारंपरिक होली गीत गाकर और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसे श्री विष्णु भगवान और माता लक्ष्मी को भोग लगाने के बाद सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। मंदिर प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि धार्मिक आयोजन से समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

## न्यूज फ्लैश

### हथीरा स्कूल के शिक्षक घर-घर जाकर चला रहे हैं दाखिला अभियान



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : आज राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के इंचार्ज सूबे सिंह और शिक्षक और मैडम परमजीत कौर, विकास छौकर, सुमन लता आज पुन: गांव बाल वाटिका एवं प्रथम कक्षा में नये दाखिला के लिए घर घर जाकर दाखिला अभियान चलाया गया। इस सर्वे में स्टाफ की कोशिश उन बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है जो अन्य प्राइवेट स्कूलों में कम आयु में होने पर भी आंगनबाड़ी केंद्र छोड़ कर जाते हैं जिसके कारण सरकारी स्कूलों में बच्चे समय पर दाखिल नहीं हो पाते ।यदि आंगनबाड़ी केंद्र में आयु अनुसार बच्चे बने रहें तो बच्चे सही आयु में कोर्ट के निदेशों अनुसार दाखिल हो सकेंगे जिससे बच्चों का सही समय पर दाखिला होगा और मानसिक विकास संतुलन अनुसार हो सकेगा। सूबे सिंह ने अभिभावकों को सकारात्मक रूप से समझाते हुए कहा कि सरकारी विद्यालय और शिक्षा एवं पर्यावरण उत्तम स्तर का है जिसमें बच्चे खेलते हुए शिक्षा ग्रहण करते हैं और प्राइवेट स्कूलों के अनावश्यक आर्थिक बोझ से, अनावश्यक समय से बचते हैं क्योंकि प्राइवेट स्कूलों की बसों के कारण बच्चे एक गांव से दूसरे गांव या शहर में अनावश्यक रूप से दो दो घंटे पहले चलते हैं और समय की बबार्दी होती है और अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है साथ ही बसों की आवाजाही से अनावश्यक ट्रैफिक और पर्यावरण का नुकसान भी होता है ।जब सरकार ने प्रत्येक गांवों में स्कूल उपलब्ध करवाए हैं तो इसका लाभ उठाएं और बच्चों स्वस्थ शिक्षा प्राप्त करेंगे।

### कुरुक्षेत्र की बेटी हिमांशी सिंह ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में जीते 3 मेडल



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र सेक्टर 4 की बेटी हिमांशी सिंह ने ट्रैक साइकिलिंग इवेंट में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में 3 मेडल जीते है। इस बेटी ने कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। अहम पहलू यह है कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी हिमांशी सिंह पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जीत चुकी है। इस खिलाड़ी की उपलब्धि पर डीएसओ मनोज कुमार,साइकिलिंग कोच कुलदीप वडैच, व साइकिलिंग कोच पंजाब सिंह व साइकिलिंग एसोसिएशन से नीरज तंवर ने खिलाड़ी हिमांशी सिंह व उनके पिता एडवोकेट सुनील कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिमांशी सिंह के पिता एडवोकेट सुनील कुमार ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिमांशी सिंह ने 9 से 13 मार्च 2025 तक भुनेशवर में हुई ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के ट्रैक साइकिलिंग इवेंट में 3 मेडल हासिल किए है।

# प्रदेश में घूम-घूम कर सीएम ने लिए सुझाव, बजट में दिखेगी झलक: डॉ अरविंद शर्मा

## मंडल अध्यक्ष की हत्या पर जताया शोक, पुलिस अधिकारियों से लिया फीडबैक

**जनहित**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में घूम-घूमकर व सबसे चर्चा करके जनहित के बजट तैयार किया है**



**बलराम**

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में घूम-घूमकर व हर वर्ग से मिल-बैठकर चर्चा करते हुए जनहित का बजट तैयार किया है और सोमवार को जनता की भलाई में आ रहे इस बजट में उनके निरन्तर किए गए प्रयास व सुझावों की झलक नजर आएगी। शनिवार को सहकारिता मंत्री गोहाना में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे थे। खानपुर मंडल अध्यक्ष प्रवीण खुराना उर्फ जस्सी के गांव नगर स्तिथ आवास पर जलपान कार्यक्रम में पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 17 मार्च को हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वित्तमंत्री के नाते एक बेहतरीन बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में घूम-घूमकर व सबसे चर्चा करके जनहित के बजट तैयार किया है। इस बजट के लिए उन्होंने किसान, युवा, महिला, व्यापारी, हर समुदाय के साथ अलग-अलग मंचों पर चर्चा की। यही नहीं, प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के साथ पंचकूला में दो दिवसीय प्री बजट बैठक करते हुए सुझाव लिए गए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बजट की तैयारी को लेकर खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी न केवल उपलब्ध रहे, अपितु हर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर संबंधित वर्ग से चर्चा करते हुए उसके निदान के लिए भी रूपरेखा बनाई, जिसकी झलक बजट में नजर आएगी। बॉक्स कर्मठ साथी को खो दिया पार्टी ने, अपराध क्षमायोग्य नहीं कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भाजपा मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र जवाहरा की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक निष्ठावान कार्यकर्ता साथी खो दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। उन्होंने पूरी घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से भी बात करने उपरांत बताया कि इस मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह अपराध क्षमायोग्य नहीं है और कानून अपना काम करेगा।

**समाज की पगड़ी कभी नीचे नहीं होने दी, गौतम हमारे आदरणीय :** कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने पत्रकारों द्वारा विधानसभा में उनके व सफीदों विधायक रामकुमार गौतम के मध्य हुई बहस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा, विधानसभा में बहस हो जाती हैं। इसमें अध्यक्ष द्वारा उस बहस को सदन की कार्यवाही से हटाने के निर्देश दे दिए हैं। ऐसे में उसपर चर्चा अब ठीक नहीं। वो चीजें खत्म हो गई हैं। उन्होंने कहा कि रामकुमार गौतम हमारे बड़े भाई हैं रहेंगे, हमारे बुजुर्ग हैं। मैंने हमेशा उनका सम्मान किया है और आगे भी करेंगे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि वो अध्यापक के बेटे हैं और 4 बार सांसद भी रहे हैं। उन्होंने समाज, सर्वसमाज को सन्देश देते हुए कहा कि उन्होंने कभी ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे समाज की पगड़ी नीचे हो और आगे भी समाज की पगड़ी का सम्मान बरकरार रखेंगे।

## चिट्टाने वाली माँ (सिद्ध पीठ) ट्रस्ट में ट्रस्टी बने देवेन्द्र



**आशीर्वाद**

**"आप" नेता देवेन्द्र गौतम अपनी कुलदेवी के मंदिर में देवी माँ का आशीर्वाद लेने अपने साथियों संग पहुँचे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: होली** के पावन पर्व व पूर्णिमा के शुभ अवसर पर "आप" नेता देवेन्द्र गौतम चिटाना स्थित अपनी कुलदेवी के मंदिर में देवी माँ का आशीर्वाद लेने अपने साथियों संग पहुँचे। देवेन्द्र गौतम ने मंदिर पहुँच माता रानी का आशीर्वाद लिया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित कृष्ण शर्मा ने माता की चुन्नी पहना कर सभी का स्वागत किया। मंदिर कमेटी प्रधान अनिल कुहाड़ व समस्त कार्यकारिणी ने देवेन्द्र गौतम का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कमेटी प्रधान अनिल कुहाड़ ने बताया की देवेन्द्र गौतम मंदिर प्रांगण पहुँचे है। उन्होंने माता मंदिर ट्रस्ट में एक लाख रुपये की सहयोग राशि दी जिस पर उन्हें ट्रस्टी के पद से सुशोभित किया गया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि अपनी कुलदेवी माता मंदिर में ट्रस्टी बनना उनके व उनके परिवार का सौभाग्य है। एक सेवक के रूप में उनको भी माता रानी ने अपनी सेवा करने का मौका दिया है। गौतम ने ट्रस्टी बनाने पर मंदिर कमेटी प्रधान अनिल कुहाड़ व समस्त कार्यकारिणी का आभार जताया। उन्होंने कहा की माता रानी का आशीर्वाद हमेशा उनके परिवार व समस्त संसार पर बना रहे।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जा रहा 3 लाख रुपए तक का ऋण: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।उपायुक्त ने कहा कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रुपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। इच्छुक महिलाएं आवेदन करने के लिए व फार्म प्राप्त करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

## होली पर्व समाज को एकता के सूत्र में बंधने का देता है अनोखा संदेश: नायब

**एकता का सूत्र**

**होली का पावन पर्व समाज को एकता के सूत्र में बंधने का एक अनोखा संदेश देता है : `सीएम नायब**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा** : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि होली का पावन पर्व समाज को एकता के सूत्र में बंधने का एक अनोखा संदेश देता है। इस पावन पर्व पर होलिका दहन की लपटों में समाज की तमाम बुराइयां नष्ट हो जाती है और होली के रंगों की तरह समाज खिल उठता है। इन पावन पर्वों, तीज और त्यौहारों से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत देश में सबसे अनोखी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को देर सायं लाडवा में एक निजी पैलेस में होली पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने हल्का लाडवा के नागरिकों के साथ फूलों की होली खेली और एक-एक नागरिक से मिलकर होली के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने होली के पावन पर्व पर लोक कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इन कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके होली के पावन पर्व को और यादगार बनाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने एक घंटा से ज्यादा लोगों के बीच फूलों की होली खेली इस दौरान लाडवा के नागरिकों के खुशी का ठिकाना ना था, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं उनके साथ होली का पर्व मनाने के लिए उनके बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा के नागरिकों के बीच होली का पर्व मनाकर अपने आप को गौरवनित महसूस कर रहे है। इस पावन पर्व के साथ देश की संस्कृति का अनोखा संगम है। इस पावन पर्व पर सभी नागरिक जात-पात, लड़ाई झगडे भूलकर भाईचारे की भावना के साथ एक दूसरे को रंग लगाते है। इस रंग से समाज में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है। इस पर्व के साथ एकता और सहयोग की अटूट धारा बहती है। यह पर्व दुनिया का सबसे अनोखा पर्व है। इस पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति को पुराने गिले शिकवे दूर करके भाईचारे की मजबूत कड़ी के साथ जुडने का अवसर मिलता है।

## हमारे द्वारा ही किए गए अच्छे व बुरे कर्मों का फल है...

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**रिटर्न फल**

**होली का अर्थ होता है पवित्र अर्थात हमें तन और मन से सदा पवित्र रहना चाहिए: टीचर कुलवंत सिंह**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय 16, कंच घर, अंबाला शहर, सेवाकेंद्र में होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी रायपुर रानी( सेवाकेंद्र इंचार्ज ) जी ने कहा कि जब हम होली पर किसी दूसरे व्यक्ति को रंग लगाते हैं तो एक शब्द बोलते हैं बुरा ना मानो होली है अर्थात जीवन में हमारे साथ आज तक जो कुछ हुआ या जो हो रहा है किसी ने हमारे साथ कितना भी गलत किया हो या गलत बोला हो उसके लिए हमें उसे माफ कर देना चाहिए, क्योंकि गीता में भी लिखा है हमारे साथ आज जो हो रहा है या जो होने वाला है, वह हमारे द्वारा ही किए गए अच्छे व बुरे कर्मों का रिटर्न व फल है। होली अर्थात हो ली जो बीत गया जो बात चली गई उसे भुलाकर आज हम प्यार और सम्मान का रंग एक दूजे को लगाए। विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड टीचर कुलवंत सिंह जी ने कहा होली का अर्थ होता है पवित्र अर्थात हमें तन और मन से सदा पवित्र रहना चाहिए मन से दूसरों के प्रति शुभ भावना शुभकामना के संकल्प करने चाहिए। निगम सदस्य प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह शाना ने भी सबको मुबारक दी। कंच घर सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने होली का एक अद्भुत रहस्य बताया।

## गांव भनोखेड़ी में कांशीराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला :** बहुजन समाज पार्टी अम्बाला शहर के तत्वाधान में बामसेफ/डीएस 4/बसपा संस्थापक मान्यवर साहब कांशीराम जी का जन्म उत्सव का विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम गांव "भानोखेड़ी" मे कार्यकरताओं ने मनाया व बहुजन नायक मान्यवर साहब कांशीराम जी को पुष्पांजली अर्पित की तथा कैथल मे प्रदेश स्तरीय रैली का संदेश भी जनता को दिया. कार्यकर्म मे मुख्य अतिथि माननीय प्रवीण कुराली जोन प्रभारी एवं प्रदेश सचिव हरियाण,विशिष्ट अतिथि स.गुरनाम सिंह वाल्मिकी खैरा वरिष्ठ नेता हरियाणा,स.रविन्द्र सिंह धीमान जिला प्रभारी रहे व अध्यक्षता भाई सुनील कुमार सोनू अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र,अम्बाला शहर ने की.कार्यकर्म मे अरूण कुमार मंडोर जिला उपप्रधान,मुकेश कुमार वाल्मिकी जलबेहड़ा जिला संगठन सचिव,सर्वजीत सिंह
वाल्मिकी लखनौर साहिब जिला सचिव,मलकीत सिंह जिला कैशियर, राम कुमार कश्यप जिला कार्यकारणी सदस्य,ओमप्रकाश कश्यप महासचिव,राजकुमार मोखामाजरा कैशियर,कर्म सिंह बिडंगा,अजय मटेड़ी,प्यारा सिंह कश्यप,लाभ सिंह वाल्मिकी,राम सिंह मोहड़ी,दयाराम सुल्लर,दविन्द्र सिंह,रीनादेवी पूर्व प्रत्याशी जिलापरिषद,सोना देवी,सुन्हरी देवी,जीत राम, अशोक,जसवंत सिंह आदि बसपा कार्यकरता ने कार्यकर्म मे हिस्सा लिया।

## कहासुनी में व्यक्ति की रंजिश के चलते हत्या

**जींद।** पिल्लूखेड़ा खंड के गांव मल्हार में शुक्रवार रात शराब पीने के दौरान पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की दो लोगों ने कस्सी से गर्दन काट कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से दो शराब की खाली बोतल, डिस्पोजल, नमकीन के पैकेट, खून से सनी हुई ईंट को बरामद किया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है। गांव मल्हार निवासी बलराम गांव के ही सुखबीर तथा मंकुश के साथ बीती देर शाम अपने पशु बाड़े में शराब पी रहा था।

## साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक रहना जरुरी: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**जागरूक किया**

**आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया**

**कुरुक्षेत्र** : आमजन को साईबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है। पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं । जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने बताया कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साईबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साईबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी कभी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं, कभी पेंसन स्कीम का लालच देते हैं। साइबर ठग कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मैल, व्यटसअप, फेसबुक आईडी को हैक करके तो कभी डिजिटल अरेस्ट का दर दिखाकर साईबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। इन सब तरीको से वो व्यक्ति के बारे में समस्त जानकारियाँ जुटा लेते हैं। उसके बाद वह उनकी निजी फोटो/बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा हमेशा सतर्क रहें तथा किसी लालच में ना आएं और डरें नहीं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर जालसाजी से बचने का सबसे बेहतर तरीका है उसके बारे में जागरूक होना। लेकिन फिर भी

## बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने पार्षदों एवं चेयरपर्सन को बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**खड़े रहेंगे**

**शुभकामना व बधाई में बुक्के के स्थान पर गीता व भाजपा के संकल्प को याद दिलाते हुए परिषद में पारदर्शिता से कार्य करने का निवेदन किया**

**कुरुक्षेत्र:** बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने सभी पार्षदों को शुभकामना व बधाई में बुक्के के स्थान पर गीता व भाजपा के संकल्प को याद दिलाते हुए परिषद में पारदर्शिता से कार्य करने का निवेदन किया । बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने थानेसर नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी डांढा और 25 नवनिर्वाचित पार्षदों को उनके आवास पर जाकर शुभकामना व बधाई दी। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि हमने परिषद की चेयरपर्सन और सभी पार्षदों को बुक्के की बजाय एक प्रति माता गीता की, एक कमल के फूल का पटका और एक शुभकामना एवं बधाई संदेश देते हुए तीन निवेदन किए, पहला निवेदन कमल का पटका देकर किया कि जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी अपने आप को पाक साफ रखता है उसी प्रकार हमें भी शुद्ध भाव से एवं सुचिता पूर्वक जनता के कार्य करने हैं, दूसरे निवेदन में भारतीय जनता पार्टी का विचार, लक्ष्य के साथ-साथ देश, प्रदेश और पार्टी के प्रति अपना कृतज्ञ का भाव रखते हुए भाजपा पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य करेंगे, तीसरा निवेदन माता गीता की प्रति देते हुए किया कि हम हमेशा धर्म, न्याय और सत्य के पक्ष में दृढ़ता से खड़े रहेंगें । डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने पहले लोकसभा चुनाव में, फिर विधानसभा चुनाव में और अब नगर निकाय चुनाव में कमल के फूल खिलाने के लिए जी तोड़ मेहनत की है और उसी प्रकार का आशीर्वाद जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाते हुए पार्टी की नीतियों व नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है । डॉ मथाना ने कुरुक्षेत्र की जनता को विश्वास दिलवाया की श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र नगर में विकास के कार्य जोर-शोर से होंगे और हम कुरुक्षेत्र नगर को भी 2047 तक विकसित नगर बनाएंगे।
इस अवसर पर डॉ मथाना के साथ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ चांद दत्ता , जिला सह संयोजक बी एल अरोड़ा, रमेश सिंघल ,सुरेंद्र गर्ग ,शेर सिंह, महेंद्र सिंह सैनी, रामफल साहरण, ऋषि प्रकाश गुप्ता, नरेंद्र चौधरी, धीरज गोयल एडवोकेट , विशाल मित्तल एडवोकेट, प्रोफेसर एम एल ढाका , डॉ सरदार मीत मोहन, सुनील बक्शी इत्यादि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने शिद्दत से मनाया होली उत्सव

**फल सेवा**

**फिर गीता ज्ञान संस्थान में भक्ति गीतों में शामिल होकर फूलों की होली खेली। मरीजों को फल सेवा दी गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : संस्था ने एल एन जे पी सरकारी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल मरीजों और उनके सहायकों को सुबह खिचड़ी सेवा दी। फिर गीता ज्ञान संस्थान में भक्ति गीतों में शामिल होकर फूलों की होली खेली। शाम को मरीजों को फल सेवा दी गई और सभी मरीजों,उनके सहायकों और अस्पताल स्टाफ को हल्दी चंदन तिलक लगाकर होली उत्सव मनाया। किरमच भट्ठे पर मजदूरों और उनके बच्चों को जूस पिलाकर मनाया होली उत्सव। संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि संस्था हर त्यौहार और हर खुशी मरीजों और जरूरतमंद परिवारों के साथ मिलकर मनाते हैं तो अनगिनत दुआएं मिलती हैं। मन को शांति मिलती है। संस्था प्रधान अंगूरी लाल ने कहा कि संस्था हस्पताल को ही अपना तीर्थ और मरीजों को अपना देवता मानती है

# जिन्दल फ्रैंड्स क्लब, युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन बढ़ाने का एक प्रयास है : नवीन जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में भेजे जाने वाले अत्याधुनिक जिम के सभी उपकरणों का अवलोकन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अनुचित खानपान, व्यस्त जीवनशैली, मोबाइल व इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता, तनाव व शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण युवा धीरे-धीरे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। इसके अलावा, नशे की बढ़ती लत और अस्वस्थ आदतें भी समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं। नवीन



जिन्दल फ्रैंड्स क्लब, युवाओं में फिटनेस, आत्मविश्वास और अनुशासन बढ़ाने का एक प्रयास है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि नवीन जिन्दल फ्रैंड्स क्लब के नाम से आरंभ किए गए ये अत्याधुनिक जिम युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होती है। अगर यह शक्ति स्वस्थ, अनुशासित और ऊजार्वान हो, तो राष्ट्र को प्रगति

**फिटनेस पर बल**

**शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण युवा शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होते जा रहे**

के पथ पर अग्रसर होने से कोई नहीं रोक सकता। अपनी इसी सोच को साकार करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संसदीय क्षेत्र में 12 स्थानों पर अत्याधुनिक जिम स्थापित करने कार्य आरंभ किया है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में युवाओं के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य का केंद्र बनेंगे। सांसद नवीन जिन्दल ने इन स्थानों पर भेजे जाने वाले सभी उपकरणों का अवलोकन करते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सदस्यों को निर्देश दिये कि नवीन जिन्दल फ्रैंड्स क्लब के अंतर्गत इन जिमों को आदर्श जिम के रूप में स्थापित किया जाए। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के डॉ. राज कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के आदेशानुसार जिला कुरुक्षेत्र में शाहाबाद हल्का के गांव बुहावा और शांति नगर कुरड़ी, लाडवा हल्के के गांव उमरी, पिहोवा हल्के के गांव

# नम आंखों से श्रद्धांजलि देते हुए रविंद्र मनोचा को किया अलविदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जीते जी कन्यादान रक्तदान अनदान और शिक्षा धाम से बड़ा कोई दान नहीं होता और करने के बाद आंखें दान और शरीर दान यह एक ऐसे दान है जिससे अनजान लोगों की अंधेरी जिंदगी में रोशनी आती है और दूसरों की मदद करने के लिए एक सफल डॉक्टर तैयार होता है ऐसा एक महान कार्य किया शहर के भावना चौक के रहने वाले 71 वर्षीय श्री रविंद्र मनोचा ने रविंद्र मनोचा आज सुबह शनिवार अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर के प्रभु चरणों में लीन हो जाते हैं और अपनी अंतिम इच्छा अनुसार परिवार वालों ने शरीर दान करके एक मिसाल कायम की श्री रविंद्र मनोचा के सुपुत्र श्री मनीष मनोचा वह उनकी बेटियां पूनम मल्होत्रा



रजनी नंदा मैं अपने पिता की अंतिम इच्छा को पूरा किया रविंद्र मनोचा ने प्रण लिया था कि उनके शरीर को जलाया ना जाए उनके वचनों पर फूल चढ़ाते हुए आज उनके पार्थिव शरीर को इसराना एनसी मेडिकल कॉलेज रिसर्च के लिए दान किया गया उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार धार्मिक संस्थाओं से जुड़ा हुआ है उनके पिता लगातार दूसरों की मदद के लिए सेवा करते रहते थे शहर में रहकर दीन दुखियों की मदद करना उनके पिता हर समय तैयार रहते थे जन सेवा दल के सदस्य सचिव चमन गुलाटी ने बताया की श्री रविंद्र मनोचा शरीर दान का महान कार्य अपने-अपने बेमिसाल कार्य हैं।

## मेयर जैन ने ककरोई रोड पर 25 करोड़ रुपये से निर्मित जल शोधन संयत्र का लिया जायजा



**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत के नए मेयर राजीव जैन ने शनिवार को ककरोई रोड पर 25 करोड़ रुपये से निर्मित जल शोधन संयत्र (डब्ल्यूटीपी) का जायजा लिया और अधिकारियों को अगले 15 दिनों के भीतर पेयजल सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिए । उन्होंने नहर से जल शोधन संयत्र तक आने वाले सड़क का भी दौरा किया और कहा कि नियमानुसार इसे भी जल्द बनवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे । राजीव जैन ने कहा कि पश्चिमी यमुना नहर से शहर के पश्चिमी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति शुरू होने से गर्मी के मौसम में इस बार लोगों को पेयजल किल्लत का नहीं करना पड़ेगा सामना। शहर की करीब दो दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले करीब दो लाख लोगों को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा। राजीव जैन ने कहा कि पेयजल सप्लाई शुरू करने के बाबत नगर निगम आयुक्त व संबंधित ठेकेदार से बात हो चुकी है। मेयर का चुनाव जीतने के बाद से ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। शनिवार को उन्होंने ककरोई रोड पर 25 करोड़ रुपये से निर्मित जल शोधन संयत्र का जायजा लिया, साथ ही नहर से जल शोधन संयत्र तक आने वाले सड़क का भी मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री कविता जैन के समय शुरू किए गए विकास कार्यों में जो लंबित पड़े हैं उनको तेजी से पूरा करवाना उनकी प्राथमिकता है । राजीव जैन ने कहा कि 2018 में ककरोई रोड पर सेक्टर-23 और आसपास की करीब दो दर्जन कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल शोधन संयंत्र मंजूर किया था । उनका सीधा मकसद था कि गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पेयजल किल्लत का सामना नहीं करना पड़े । उन्होंने कहा कि सभी तकनीकी बाधाओं को अब दूर कर लिया गया है। अब अगले 15 दिनों में रेलवे लाइनपार (पश्चिमी) क्षेत्र में रहने वाले करीब दो लाख लोगों को नहरी पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे नगर निगम पानी को लेकर आत्मनिर्भर हो जाएगा। राजीव जैन ने कहा कि डब्ल्यूटीपी चालू होने पर दहिया कॉलोनी, मायापुरी, कीर्ति नगर, सरस्वती विहार, देवीलाल कॉलोनी, गढ़ी ब्राह्मणान, विशाल नगर, वेस्ट राम नगर, भगत सिंह कॉलोनी, कालूपुर, बाबा कॉलोनी, मोहन नगर, लहराड़ा, इंडियन कॉलोनी, मयूर विहार समेत करीब दो दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को फायदा हो सकेगा। इस मौके पर राजीव जैन ने कहा कि निकाय चुनाव में हरियाणा प्रदेश की जनता ने भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है। निकाय चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर आम जनता की मुहर है। उन्होंने भरोसा जताया कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से विकास की गति तिगुनी होगी। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र का भी तेजी से विकास होगा। निगम क्षेत्र की जनता के सहयोग से उनकी उम्मीदों के मुताबिक सोनीपत नगर निगम क्षेत्र का कायाकल्प होगा ।

## बैटरी के सेल चोरी

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान स्थित टावर से चोर बैटरी के सेल चोरी कर ले गए। विभाग के जेई ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बीएसएनएल के जेई सुधीर कुमार ने बताया कि पांची जाटान में विभाग का टावर है। वह 1 मार्च को टावर पर बिजली संबंधित काम देखने गए थे। जब वह टावर पर पहुंचे तो टावर से बैटरी के सेल गायब मिले जिससे विभाग को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। गन्नौर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नराजपुर गांव में गोशाला के स्थापना दिवस पर रागनी कम्पीटिशन आज

**गन्नौर।** गांव राजपुर स्थित गोशाला का स्थापना दिवस रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर विशाल रागनी कम्पीटिशन में महिला कलाकार शिरकत करेगी। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारी कर्मबीर राठी ने दी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस पर बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, भाजपा विधायक निखिल मदान, कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, समाजसेवी अमरीक सुखदेव, सोनीपत मेयर राजीव जेन व गोसेवा आयोग सदस्य राकेश मलिक व अन्य मौजूद रहेंगे।

# अग्रवाल सभा ने खेली फूलों की होली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :**अग्रवाल सभा सेक्टर 5 कुरुक्षेत्र (रजि.) द्वारा पिपली रोड स्थित ग्रेन अरीना पैलेस में होली मिलन समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान गायन व नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। समाज के सदस्यों ने फूलों की होली खेलकर, एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर राज्य की उन्नति की कामना की। प्रधान सचिन गुप्ता ने कहा कि होली का पर्व ईश्वर के प्रतीत अटूट आस्था व विश्वास तथा सामाजिक समरसता का पर्व है। इसे हम सब लोग बहुत ही उत्साहपूर्वक मिलजुल कर एक दूसरे को खूब अबीर गुलाल एवं गले मिलकर के होली का त्योहार हम सब लोग



मनाते हैं। सचिन गुप्ता ने कहा कि होली आपसी भाईचारा और सद्भाव का त्योहार है। एक-दूसरे के साथ गले मिलते ही आपसी दूरियां समाप्त हो जाती हैं। समारोह में नगर पार्षद सतीश गर्ग को पार्षद का चुनाव जीतने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य सभा के प्रधान सतप्रकाश गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, बिट्टू मित्तल, सुरेंद्र गोयल, मुनीश मित्तल, कपिल मित्तल, राजेश सिंगला, देवराज जैन, संदीप जैन, विनोद सिंगला, अश्वनी जैन, जय नारायण, मित्रसेन गुप्ता, सुशील सिंगला, अशोक मित्तल, एमपी गुप्ता, गोपाल दास पाली, अतुल गर्ग, सीपी गुप्ता, निशी गुप्ता, राज मित्तल, रोहित गुप्ता विशेष तौर पर मौजूद रहे। महिलाओं ने सभी को गुलाल व चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया। कलाकारों ने सबसे पहले गणेश वंदना प्रस्तुत किया। समारोह में श्रीवृंदावान धाम के गायक भारत उमेश की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आयो रे होली आयो रे..., होली के दिन दिल मिल जाते हैं... ठाकुर के दरबार में फूलों की वर्षा... होली आई रे कन्हाई होली आई रे...,आदि गीतों पर समाज के सभी लोग झूम उठे। समारोह में प्रधान सचिन गुप्ता, सचिव अनिल गर्ग, अविनाश गोयल, प्रवेश गुप्ता, मुनीश जिंदल, अशोक सिंगला, महेंद्र गुप्ता, रमेश गर्ग, सुनील मित्तल आदि मौजूद रहे।

## सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी से अज्ञात व्यक्ति ने खरखौदा अनाज मंडी में किया फायर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा:** जसौर खेडी जिला झज्जर निवासी विकास पुत्र राजवीर सिह ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि वह अनाज मंडी खरखौदा मैं दुकान नम्बर 21 पर काम करता हैं। जोकि 14 मार्च की शाम को समय करीब 7 बजकर 20 मिंट पर अनाज मंडी की दुकान नम्बर 21 के बहार खडा था। उसी दौरान दुकान के बहार से एक सफेद रग की क्रेटा गाडी को एक नोजवान लडका चला कर गुजर रहा था। जिसने गाडी चलते चलते गाडी का शीशा खोलकर हमे डराने के मकसद से हवाई फायर किया। इस मामले में जान माल का



नुकसान नही हुआ। फिलहाल शिकायतकर्ता विकास की शिकायत और मिली सीसीटीवी की वीडियो के आधार पर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी हैं।

## भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की हुई मासिक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ प्रधान सुबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। संघ उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि मासिक बैठक में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की पेंशन संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। बैठक में आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर देवेंद्र कुमार एवं उनकी टीम के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया तथा डिफेंस पेंशनर को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। पूर्व सैनिकों के सवालों के जवाब दिए ओर उनके डाउट दूर किए। बैठक के पश्चात विधायक कंवर सिंह यादव को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। अस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा, कप्तान सुरेंद्र सिंह, महा सचिव सुबेदार ब्रह्मा देव आर्य, कोषाध्यक्ष सुबेदार हवा सिंह, वासुदेव, होशियार सिंह, कृष्ण गोपाल, संतोष कुमार, रघुवीर सिंह, रामबीर सिंह, हवलदार भाग मल, नारायण सिंह, पुष्कर दत्त, सतपाल सिंह, रविंद्र सिंह, लाल सिंह, मोती सिंह अन्य पूर्व सैनिक

# रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने विश्व गौरैया दिवस अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री राम दास अठावले की प्रेरणा से देशभर में तथा हरियाणा में विश्व गौरैया दिवस अभियान चलाया जा रहा है। 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस है। इस अभियान का मकसद घरेलू गौरैया के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इनके संरक्षण के लिए प्रयास करना है। गौरैया की लुप्त होती प्रजाति को



बचाना है। उन्होंने बताया कि गौरैया जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। गौरैया की संख्या में लगातार कमी आने की वजह, पेड़ों की अंधाधुंध

**जैव विविधता**

**20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस है। इस अभियान का मकसद घरेलू गौरैया के बारे में जागरूकता बढ़ाना है**

कटाई, आधुनिक शहरीकरण, और प्रदूषण है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया हरियाणा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रवि कुंडली के नेतृत्व में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है ताकि हरियाणा की तरक्की में योगदान दिया जा सके।

## सड़क हादसे में एएसआई की मौत

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा:** फरमाणा गांव में एक डंपर ने ड्यूटी कर अपने घर जा रहे हरियाणा पुलिस के एएसआइ को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सुभाष गन्नौर के गांधीनगर के रहने वाले थे। रोहतक के किलोई गांव के कप्तान का कहना है कि उसका साला हरियाणा पुलिस में बतौर एएसआइ रोहतक के शिवाजी कालोनी थाने में सेवारत था। जोकि ड्यूटी करने के बाद गन्नौर जाने के लिए निकला था, वह भी अपनी बाइक लेकर उसके साथ ही जा रहा था। जब वह फरमाणा गांव में पहुंचे तो एक डंपर ने सुभाष की बाइक को टक्कर मार दी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट (रजत जयंती) का हुआ भव्य समापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** सेवा, समर्पण और एकत्व के पावन संदेश को साकार करते हुए, 25वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट (रजत जयंती) का भव्य समापन संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में संपन्न हुआ। 26 फरवरी से प्रारंभ हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 24 सर्वश्रेष्ठ टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच खेल कौशल और आध्यात्मिक मूल्यों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल चरण में भटिंडा, बरेली, आगरा और चंडीगढ़ की टीमों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर अंतिम चार में स्थान बनाया। 13 मार्च के




फाइनल मुकाबले में आगरा और भटिंडा की टीमों के बीच जबरदस्त खेल भावना देखने को मिली जिसमें आगरा टीम ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल से प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला जीतकर विजय प्राप्त की। मैन आफ द सिरिज का खिताब दीपक राजपूत (आगरा) को मिला। इस टूनार्मेंट में खिलाड़ियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संपूर्ण टूनामेंट सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन निर्देशानुसार, जोगिंदर सुखीजा सचिव, संत निरंकारी मंडल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि यह टूनामेंट मात्र प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं था अपितु खिलाड़ियों के लिए आपसी सौहार्द्र, प्रेम और एकत्व को जीवंत रूप में अभिव्यक्त करने का माध्यम बना। टूनामेंट के भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि, एस. एल. गर्ग कनवीनर, केन्द्रीय योजना सलाहकार बोर्ड ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर संत निरंकारी मंडल की प्रधान, राजकुमारी भी उपस्थित रहीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह आत्म-विकास, अनुशासन, टीम भावना और सामूहिक समर्पण का प्रतीक हैं।

## सड़क हादसे में गई गर्भवती की जान, पेट मे पल रहे थे जुड़वा बच्चे

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** के बरोणा बाईपास चौक पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को तुरंत बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने 23 वर्षीय गर्भवती महिला निशु को मृत घोषित कर दिया। वह छह माह की गर्भवती थी और उसकी कोख में जुड़वां बच्चे पल रहे थे। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। मृतक महिला का पति रवि (26), ढाई वर्ष की बेटी चेष्टा और 55 वर्षीय मां ऊषा झज्जर के निलौठी गांव के रहने वाले हैं। वे खरखौदा में जरूरी सामान खरीदने और निशु का चेकअप कराने आए थे। काम निपटाने के बाद जब वे घर लौट रहे थे, तभी गोपालपुर की और से आ रही तेज रफ्तार थार गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलट गई और चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने रवि के चाचा की शिकायत पर थार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी विजय ने बताया कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। शनिवार को गमगीन माहौल में निशु का अंतिम संस्कार किया गया।

# बदमाशों ने अफसर पर किया जानलेवा हमला, वॉट्सऐप कॉल कर बाहर बुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के एक फैक्टरी के अधिकारी पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे पुलिस का मुखबिर बताकर पहले फोन पर फैक्ट्री से बाहर बुलाया और फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। हमले में अधिकारी के दोनों पैरों और हाथों की हड्डियां टूट गईं और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के आरके पुरम निवासी प्रमोद कुमार बंसल रंबा रोड स्थित सेंचुरी प्लाईवुड इंडिया लिमिटेड गांगर फैक्ट्री में लोकल लाइजनिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की दोपहर अर्जुन उर्फ गोगी निवासी गांगर ने उनके मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप कॉल कर कहा कि उसे उनसे मिलना है और वे कहां हैं। इस पर प्रमोद ने बताया कि वह फैक्ट्री में मौजूद हैं। कुछ देर बाद अर्जुन ने दोबारा कॉल कर मिलने के लिए फैक्ट्री गेट पर बुलाया। जब प्रमोद करीब अढ़ाई बजे गेट पर पहुंचे तो वहां पहले से अर्जुन उर्फ गोगी अपने छह साथियों के साथ खड़ा था। प्रमोद के अनुसार अर्जुन के साथ अभिषेक, देवेंद्र उर्फ भोलू, बाला, लाभी और बादल मौजूद थे, जो तीन बाइक पर आए थे और सभी के हाथों में लाठी-डंडे थे। गेट पर पहुंचते ही अर्जुन ने उन पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि वह करनाल सीआइए और तरावड़ी थाने में उनकी मुखबिरी करता है। इतना कहने के बाद सभी ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। प्रमोद ने बताया कि हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर ताबड़तोड़ वार किए। लाठी-डंडों की चोट से उनके दोनों पैरों और हाथों की हड्डियां टूट गई और सिर में गंभीर चोटें आईं।

फैक्ट्री के कर्मचारी राकेश, दिनेश, ओमप्रकाश और रमेश ने बचाने की कोशिश की, लेकिन बदमाश लगातार हमला करते रहे। कुछ देर बाद जब उन्होंने सोचा कि प्रमोद की हालत गंभीर हो गई है तो वे अपनी बाइकों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

# सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया....पर झूमे श्याम भक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें श्याम भक्तों ने फूलों की होली खेली। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में समिति द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर श्याम संकीर्तन किए गए जिसमें श्यामप्रेमियों का पूर्ण सहयोग मिला। लगभग 15 दिनों तक चली यह श्रृंखला मंदिर में भव्य संकीर्तन और भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना



से आरंभ हुए संकीर्तन में पानीपत से गायक सौरव रसिक और शाहाबाद मारकण्डा से श्रवणराज ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया और

**भावविभोर**

**सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम आरती के पश्चात बाबा का श्रृंगार प्रसाद लेने के लिए भक्तों में होड लगी रही**

भंडारा दिया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम आरती के पश्चात बाबा का श्रृंगार प्रसाद लेने के लिए भक्तों में होड लगी रही। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में मंदिर विस्तार हेतु निर्माण कार्य चल है अतः इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,सुरेन्द्र काठपाल,ललित अत्री,डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा,अंशु,अनमोल,गौरव, शंटी,अंशुमान,सर्वेश रोहिला,शुभम,कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

# दिल्ली देहात की समस्याओं का जल्द निदान होगा: सीएम

**विचार-विमर्श**

**दिल्ली में अब दोषारोपण करने वाली सरकार नहीं है। बल्कि काम करने वाली सरकार है। दिखावे के लिए जनता से संवाद नहीं करती है: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली बजट 2025 को लेकर दिल्ली के किसानों के साथ एक बैठक की। दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में उनकी अपेक्षाओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। संवाद सत्र का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को समझना, उनके सुझावों को बजट में शामिल करने के साथ दिल्ली में कृषि को बढ़ावा देना और दिल्ली देहात में विकास कार्य में तेजी लाना है। किसानों ने तालाब के सौंदर्यीकरण, गांवों के ग्राम सभा के जमीन का



उपयोग, बिजली के कनेक्शन, लालडोरा को बढ़ाना, आधुनिक सिंचाई पद्धतियों, केंद्र की योजनाओं का लाभ आदि विषय प्रमुखता से उठाया। संवाद बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि विकसित दिल्ली बजट का प्रारूप तैयार करने में किसानों के अपेक्षाओं और सुझावों को शामिल किया जाएगा। वे न केवल अन्नदाता हैं, बल्कि शहर के पर्यावरण को हरित और स्थिर बनाए रखने में भी अहम योगदान निभाते हैं।

सरकार की यह कोशिश रहेगी कि संवाद के दौरान उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कदम उठाए जाएं। किसानों की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझकर कार्य करें। उनकी भूमिका अन्नदाता से कहीं अधिक है। सरकार किसानों के साथ मिलकर बुनियादी सुविधा से जुड़े कामों को जल्द पूरा करेगी साथ ही उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में अब दोषारोपण करने वाली सरकार नहीं है। बल्कि काम करने वाली सरकार है। दिखावे के लिए जनता से संवाद नहीं करती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि गांवों के बुनियादी सुविधा से संबंधित कार्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली से संबंधित कामों को जल्द सरकार पूरा करेगी। उन्होंने आगे कहा की कि अब सरकार किसानों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी और सारी समस्याओं का हल होगा।

## दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने अपने पिता की जयंती पर किया हवन

**नई दिल्ली।**
दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को अपने दिवंगत पिता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा की जयंती के अवसर पर हवन किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी दिल्ली के पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा की प्रार्थना सभा में शामिल हुईं।

हम उनके अधूरे काम पूरे करेंगे- प्रवेश वर्मा

दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को अपने पिता, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा को उनकी जयंती पर याद किया और कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजधानी में उनके अधूरे कामों को पूरा करेगी। वर्मा ने एएनआई को बताया, "दिल्ली में विकास कार्य 30 साल पहले भाजपा सरकार के दौरान शुरू हुए थे।

तब से, दिल्ली में केवल राजनीति हुई है। हम उनके (पूर्व दिल्ली सीएम साहिब सिंह वर्मा) अधूरे कामों को पूरा करेंगे और हम विकसित दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

**साहिब सिंह वर्मा का परिचय**

साहिब सिंह वर्मा का जन्म 15 मार्च, 1943 को दिल्ली के मुंडका गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत आरएसएस कार्यकर्ता के रूप में की और 1997 में जनता पार्टी के टिकट पर दिल्ली नगर निगम के लिए चुने गए।

**1996 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे वर्मा**

वह 1996 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने और ढाई साल से अधिक समय तक इस पद पर बने रहे। इससे पहले 11 मार्च को दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज की मौजूदगी में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के सदस्य के तौर पर शपथ ली।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केशवपुरम विभाग के विभाग संघचालक, वीरेंद्र नागपाल से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान कैबिनेट में सहयोगी रविन्द्र इंद्राज भी मौजूद रहे।

# दिल्ली में यमुना किनारे 'बस रेस्तरां' का लुत्फ उठा सकेंगे लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** ट्रेन और प्लेन रेस्तरां के बाद दिल्ली वासी जल्द ही बस रेस्तरां में भी खाने का लुत्फ उठा सकेंगे। ये रेस्तरां यमुना के किनारे खुलेंगे। किचन भी बस के अंदर ही होगा व बैठकर खाने की व्यवस्था भी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने काम भी शुरू कर दिया है।

डीडीए के उद्यान विभाग की यह योजना 'एक पंथ दो काज' से जुड़ी है। विभाग द्वारा जारी की गई रिक्वेस्ट ऑफ इंफार्मेशन (आरएफआई) के अनुसार ये रेस्तरां अपनी उम्र पूरी कर चुकीं डीटीसी की सीएनजी एसी लो फ्लोर बसों में खोले जाएंगे।



मतलब, एक ओर ये रेस्तरां खुद में ही आकर्षण का केंद्र होंगे तो दूसरी ओर डीटीसी की खटारा हो चुकीं बसें भी उपयोग में लाई जा सकेंगी। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहला रेस्तरां कश्मीरी गेट बस अड्डे के पास स्थित यमुना वाटिका में खोले जाने की तैयारी है। डीडीए इसके लिए एजेंसी फाइनल करने में लगा है।

**बस के पावर सिस्टम में किया जाएगा संशोधन**

आला अधिकारियों ने बताया कि बस की आंतरिक साज सज्जा को री-डिजाइन किया जाएगा ताकि उसमें किचन के उपकरण, स्टोरेज और सिटिंग एरिया के लिए जगह बनाई जा सके। बस में कुछ ढांचागत संशोधन भी किए जाएंगे जैसे फ्लोरिंग, वाल और सीलिंग, खिड़कियों एवं गेट को बदला जाएगा। बस के बाहरी लुक में भी बदलाव किए जाएंगे। बस की किचन में प्रोफेशनल किचन के स्टोव, रेफ्रिजरेटर, स्टोरेज, सिंक, काउंटर टाप शामिल होंगे। सभी बेहतर गुणवत्ता के होंगे। बस के पावर सिस्टम को भी संशोधित किया जाएगा।

**योजना**

**डीटीसी बसों में खास रेस्टोरेंट चलाने की डीडीए की योजना, विशेषज्ञ ठेकेदारों और सलाहकारों से मंगवाए गए प्रस्ताव**

**टेंडर से पहले आरएफआई से हर पहलू पर होगी चर्चा**

डीडीए के अनुसार टेंडर अवार्ड करने से पहले आरएफआई के माध्यम से यह जानने का भी प्रयास है कि डीटीसी की सीएनजी एसी लो फ्लोर बसों को किचन में बदलने की संभावनाएं किस हद तक हैं। इस काम में कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाएंगी, इसमें कितना खर्च आएगा, किस तरह की वस्तुओं की जरूरत होगी, कितने समय में एक बस किचन में बदली जा सकेगी और सीएनजी बसों में किचन शुरू करना किस हद तक सुरक्षित रहेगा?

# दिल्ली में 'खून' की होली: मामूली सी बात पर पहले मारी सिर पर शराब की बोतल, फिर कांच से काट दिया गला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** होली के दिन शराब के नशे के खुमार में दो युवकों ने रोडरेज के दौरान एक युवक की बोतल से गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान आशीष (26) के रूप में हुई है। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। वारदात के कुछ ही घंटों बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उनको दबोच लिया गया।

**आरोपियों पर पहले भी दर्ज है मामला**

पकड़े गए आरोपियों की पहचान इंदिरापुरम, गाजियाबाद निवासी पंकज कुमार सिंहा (30) औश्र



मंडावली, दिल्ली निवासी जीतू (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ पहले एक-एक आपराधिक मामला दर्ज है।

**विकास ने बयां की वारदात की कहानी**

पुलिस ने आशीष के दोस्त विकास के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया। उसने अपने बयान में बताया है कि वारदात के समय वह और आशीष होली खेलने के बाद वापस खोड़ा कॉलोनी स्थित अपने घर लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में आरोपियों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने झगड़े के दौरान आशीष की बोतल से वारकर हत्या कर दी। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि शुक्रवार शाम 5.30 बजे उनकी टीम को सूचना मिली कि कल्याणपुरी इलाके में एक युवक का बोतल से गला रेत दिया गया है। खबर मिलने के बाद फौरान कल्याणपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## डॉक्टरों ने किया चमत्कार, बिना छाती चीरे की नवजात के फेफड़ों की सर्जरी


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** एम्स के बाल शल्य चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने जन्मजात फेफड़े की बीमारी से पीड़ित चार वर्षीय बच्चे की छाती खोले बिना दूरबीन (थोरोस्कोप) की मदद से सर्जरी करने में सफलता हासिल की। डॉक्टरों ने छोटे-छोटे छेद करके दूरबीन की मदद से फेफड़े के बढ़े हुए हिस्से को निकाला। बच्चे की दस दिन पहले सर्जरी हुई थी। सर्जरी के दो दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। एम्स के बाल रोग सर्जन डॉ. विशेष जैन ने बताया कि बच्चे के फेफड़े ठीक से विकसित नहीं हुए थे।

# पहले युवती से इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, फिर ले ली उसकी प्राइवेट फोटो, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक 23 वर्षीय युवक को एक महिला से कथित रूप से पैसे ऐंठने और उसकी निजी तस्वीरें इंटरनेट पर प्रसारित करने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमृतसर के प्रताप नगर निवासी माधव सिंह के रूप में हुई है। उसे साइबर अपराध की जांच के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने उत्तर पश्चिम जिला साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया कि उसकी सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से दोस्ती हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत



बढ़ने के बाद आरोपी ने उसकी निजी तस्वीरें हासिल कर लीं और बाद में पांच लाख रुपये की मांग करते हुए उसे ब्लैकमेल करने लगा। उसने धमकी दी कि अगर उसकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल कर देगा।

**पहचान छिपाने के लिए निजी जानकारी छिपाई**

शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 308(2) और 78 के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी कई फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए यह अपराध कर रहा था और उसने अपनी असली पहचान छिपाने के लिए कभी भी अपना फोन नंबर या निजी जानकारी साझा नहीं की थी। साइबर फॉरेंसिक तकनीकों का उपयोग करके पुलिस ने आरोपी का डिजिटल फुटप्रिंट ट्रैक किया और आखिरकार उसे पकड़ लिया। पूछताछ में माधव सिंह ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

# मकान की छठी मंजिल पर लगी आग, दो को बचाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में शनिवार शाम एक मकान में आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मचारियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मचारियों ने छठे फ्लोर पर फंसी दो महिलाओं व एक कुत्ते को सीढ़ी लगाकर सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। रेस्क्यू की गई महिलाओं की पहचान उषा और विनीता के रूप में हुई है। दमकल विभाग के अनुसार शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि द्वारका स्थित एक मकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-



एक कर दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारी के अनुसार आग मकान की छठी मंजिल पर लगी थी। इस बीच दमकलकर्मियों ने दो महिलाओं व एक कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाला।

# मेट्रो केबल चोरी करने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मेट्रो यूनिट की स्पेशल स्टाफ, नेहरू प्लेस मेट्रो की टीम ने मेट्रो ट्रैक से केबल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ आजादपुर मेट्रो, नेहरू प्लेस मेट्रो, शास्त्री पार्क मेट्रो और ओखला विहार मेट्रो में केबल चोरी के सात मामले दर्ज हैं। आरोपितों की पहचान शाहीन बाग निवासी मोहम्मद करीमुल्ला, मोहम्मद अनस, मोहम्मद जुनैद, मोहम्मद आलम उर्फ रबी आलम और सरिता विहार निवासी सूरज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 28 मीटर कॉपर की केबल और पांच हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।



मेट्रो यूनिट के उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी के मुताबिक तीन फरवरी और छह फरवरी को आजादपुर मेट्रो स्टेशन की ट्रैक से कॉपर केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद मूलचंद और लाजपत नगर में केबल चोरी की घटनाओं के लिए नेहरू प्लेस मेट्रो में मामला दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर महेश चंद्र और इंस्पेक्टर सुधीर की निगरानी में टीम का गठन किया गया। चोरी की घटनाओं को देखते हुए टीम ने जांच शुरू की, क्योंकि इन घटनाओं से मेट्रो संचालन के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर दिया था, जिससे हजारों यात्रियों की सुरक्षा से समझौता हो रहा था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपितों की पहचान की, जिसमें पता चला कि शातिर चोर मेट्रो ट्रैक तक पहुंचने के लिए मलबे के ढेर का फायदा उठाते थे और कीमती तांबे के केबल चुराने के लिए कंटीले तारों को काटते थे। कई स्थानों पर छापेमारी करने के बाद सूचना मिली कि गिरोह के तीन आरोपित जेजे कालोनी कालिंदी कुंज और सरिता विहार में देखे गए हैं। स्पेशल स्टाफ की टीम ने दोनों स्थानों पर जाल बिछाया और करीमुल्ला, अनस और जुनैद को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर दो अलग-अलग स्थानों से 22 मीटर चोरी की गई तांबे की केबल बरामद की गई। पूछताछ में पता चला कि वह मास्टमाइंड आलम और सूरज के लिए काम करते थे और गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही ट्रेन से बंगाल भाग गए हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से उनके आवास पर भेंट की।

# मच्छर भगाने के लिए जलाई कमरे में कॉइल, सुबह मरा मिला खत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित किराड़ी के रतन विहार इलाके में एक युवक की कमरे में झुलसकर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त 25 साल के मनदीप खत्री के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में पता चला कि युवक कमरे में मच्छर भगाने वाला कॉइल जलाकर सो रहा था। जिससे बिस्तर में आग लगने से उसका दम घुट गया और बाद में झुलस गया। राज पार्क थाना पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है और मामले की जांच कर रही है।

**1.30 रात को लौटा था घर**

मनदीप खत्री परिवार के साथ रतन विहार में रहते थे। परिवार में



माता-पिता और एक बड़ा भाई और एक बहन है। बृहस्पतिवार की देर रात वह अपने दोस्तों के साथ होलिका दहन में शामिल हुए थे। रात करीब 1:30 बजे अपने घर की पहली मंजिल जाकर अपने कमरे में सो गए। तड़के करीब चार बजे बिजली जाने की वजह से भूतल पर सो रहे परिवार के सदस्य घर के बाहर निकले।

विज्ञापन

**बिस्तर पर झुलसी अवस्था में पड़ा था मनदीप**

परिवार वालों ने मनदीप के कमरे से धुआं निकलते देखा। परिवार वाले तुरंत भाग कर पहली मंजिल पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ दिया।

मनदीप बिस्तर पर पूरी तरह से झुलसी अवस्था में पड़ा था। आग से घर में रखा सारा सामान जल चुका था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने वहां से साक्ष्य हासिल किए।

कॉइल से लगी बिस्तर में आग

पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि मनदीप अपने कमरे में मच्छर भगाने वाली कॉइल जलाकर सो रहा था। जिससे उसके बिस्तर में आग लगी। धुएं की वजह से उसका दम घुटने से उसकी मौत हो गई। उसके बाद आग में झुलस गया। उन्होंने बताया कि मौके से किसी गड़बड़ी का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। राजपार्क थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा-194 के तहत मामले की जांच कर रही है।

**साक्ष्य लिए**

**परिवार वालों ने मनदीप के कमरे से धुआं निकलते देखा। परिवार वाले तुरंत भाग कर पहली मंजिल पर पहुंचे**

# बुझ गया 'दीपक': समझौते के लिए बुलाकर कर दिया जीवन समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** फरीदाबाद सेक्टर 37 बाईपास इलाके में खाटू श्याम ट्रैवल्स की खड़ी बस में 25 वर्षीय युवक का शव मिला है। परिजनों को आरोप है कि चार युवकों से किसी बात को लेकर कहासनी हुई थी। आरोपियों ने करीब 12 से अधिक बार चाकू से हमला कर युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। थाना सराय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**रेहड़ी पर पराठे बेचता था दीपक**

मृतक की पहचान दिल्ली मोलडबंद के रहने वाले दीपक उर्फ वाडरा के रूप में हुई है। वह बदरपुर बॉर्डर के पास रेहड़ी पर पराठे बनाने का काम करता था। उसके घर के पास रहने वाले कुछ युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। मृतक और आरोपितों के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज थे।

**समझौते के नाम पर बुलाया, कर दिया मर्डर**

परिजनों का आरोप है कि शुक्रवार को आरोपी मोलडबंद निवासी तुषार, चिंकी, राहुल थापा और ओम ने दीपक को समझौता करने के बहाने सराय स्थित बाइपास रोड पर बुलाया। वहां पर आरोपितों और दीपक ने एक साथ मिलकर शराब का सेवन किया। उसके बाद आरोपियों ने दीपक के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने करीब 12 बार चाकू से हमला किया और दीपक के शव को बस में ही छोड़कर फरार हो गए। राहगीर ने लहूलुहान शव की सूचना पुलिस को दी। पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल में रखवा दिया।

**कहासनी**

**परिजनों को आरोप है कि चार युवकों से किसी बात को लेकर कहासनी हुई थी**

# हारे रे रसिया घर चले, जीत चलीं ब्रजनारि

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** मथुरा। ब्रज की होली का अद्भुत रंग बलदेव में विश्व प्रसिद्ध श्री दाऊजी महाराज के आंगन में बरसा। हुरंगा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर भीड़ ही भीड़ नजर आई। भगवान बलभद्र को मल्ल विद्या का गुरू माना जाता है। भगवान बलभद्र के आंगन में हुई होली में भी यह दिखा। गोकुल की छडी मार, नंदगांव बरसाना की लठामार होली से अलग यह होली की मस्ती अपने चरम पर थी। हुरियारिनें ने हुरियारों के कपड़ों का फाड कर उनसे कोडे बनाए और हुरियारों पर बरसाना शुरू कर दिया। मंदिर के पट खुलते ही बलदेव जी को भैया श्री कृष्ण से होली खेलने का निमंत्रण दिया गया। दोपहर में राजभोग के बाद दोनों भाइयों के प्रतीक दो झंडे श्री ठाकुर जी की आज्ञा से मंदिर के मध्य में उपस्थित हुए। ढप पर रसियाओं का गाना हुआ। इधर सेवायत पांडेय वर्ग की वधुएं एवं ग्वाल बालों ने हाथों में बाल्टी लेकर खूब नृत्य किया। हुरियारों के समूह मंदिर प्रांगण में भरे टेसू के रंग को पिचकारियों और बाल्टियों में भर भरकर हुरियारिनों और दर्शकों पर डालने लगे। सतरंगी गुलाल और गुलाब के फूलों की बरसात के बीच हुरियारिनों ने भी हुरियारों के कपड़े फाड़ डाले।





**ब्रजबाल**

**झंडा न मिलने पर हुरियार हारी रे गोरी घर चली, जीत चले ब्रजबाल गाकर उन्हें उकसाते**

फटे कपड़े से बनाए गए पोतनों से हुरियारिनों ने हुरियारों की जमकर पिटाई की। इस दौरान हुरियारिन यह भी भूल गई कि सामने उनके जेठ हैं या देवर। कई बार तो एक ही हुरियारे पर कई कई हुरियारिनें टूट पड़ी। तड़ तड़ाहट और चर-चर की आवाज मंदिर में साफ सुनाई दे रही थी। इस अद्भुत होली को देखने के लिए देश विदेश से हजारों श्रद्धालु दाऊजी पहुंचे। मंदिर प्रांगण में खेली जाने वाली इस होली का यहां व्यापक रूप देखने को मिलने की वजह से इसे हुरंगा कहा जाता है। सबसे पहले मंदिर प्रांगण में इकट्ठा हुई हुरियारिन और हुरियारों ने बलदाऊ जी के मुख्य भवन की परिक्रमा की। जैसे ही मंदिर के मुख्य भवन के अन्दर से ऊंची केसरिया झंडी बाहर प्रांगण में आई होली का रंग बरसने लगा। झंडा न मिलने पर हुरियार हारी रे गोरी घर चली, जीत चले ब्रजबाल गाकर उन्हें उकसाते। हुरियारिनें भी दूने उत्साह के साथ झंडी की ओर लपकी और उसे छीन लेती हैं।

# होली पर बिगड़ा मौसम का मिजाज, वर्षा से गेहूं की फसल खेतों में बिछी

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** होली की देर शाम आंधी और वर्षा ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दीं। आंधी से जिलेभर की बिजली आपूर्ति कई घंटे के लिए बंद कर दी गई। सुरीर, टैंटीगांव क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के तीन खंभे गिर गए। वहीं जनपद में कई गांव कस्बों के कई घरों में लगे टिनशेड एवं छप्पर उड़ गए। गेहूं एवं सरसों की फसलों में भारी नुकसान हो गया है। रात्रि में वृंदावन, छटीकरा, जैंत, चौमुहां, सुरीर क्षेत्र में करीब 20 मिनट तक तेज वर्षा से जलभराव हो गया। आवागमन प्रभावित हो गया। शीत हवा चलने से लोगों को ठंड का अहसास होता रहा। शुक्रवार की सुबह आसमान में बादल छाए रहे। कुछ देर बाद मौसम साफ हुआ तो होली की मस्ती छाई। देर शाम करीब सात बजे के बाद आसमान में फिर से बादल छा गए। महानगर शहरी क्षेत्र में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। लेकिन, कुछ मिनट बाद मौसम साफ हो गया। लेकिन, शीतल तेज हवा से लोगों को ठंड का अहसास होता रहा। कल शाम को जनपद के बरसाना, नंदगांव, कोसीकलां, छाता, खायरा, आजनौंख, पिसावा, करहला, सीह, पलसों, नौंवगांव, सुरीर, टैंटीगांव एवं अन्य इलाकों में आंधी के साथ वर्षा हुई। इससे टैंटीगांव एवं आसपास क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के तीन खंभे गिर गए। इससे अंधेरा हो गया। मांट एवं फरह क्षेत्र में भी तेज हवा के साथ वर्षा हुई। रात्रि आठ बजे वृंदावन, छटीकरा, जैंत एवं चौमुहां क्षेत्र में तेज हवा के साथ तेज वर्षा हुई। करीब 20 मिनट तक हुई तेज वर्षा से निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वर्षा के कारण आवागमन प्रभावित हो गया। सड़क किनारे वाहन खड़े हो गए। वर्षा बंद होने के बाद ही लोग गंतव्य के लिए निकले। आंधी व वर्षा से किसानों की धड़कनें बढ़ गईं। वर्षा व तेज हवा से खेतों में खड़ी गेहूं, जौ एवं सरसों की फसल में नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

**आंधी**

**स्ट्रीट लाइट के तीन खंभे गिर गए। वहीं जनपद में कई गांव कस्बों के कई घरों में लगे टिनशेड एवं छप्पर उड़ गए**

## संक्षिप्त खबरें

### आधा किलो गांजे के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने युवक को 500 ग्राम गांजे के साथ पकडा है। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन रवि त्यागी के मुताबिक अभियुक्त ज्वाला पुत्र बंशी निवासी तगा फतेहपुर थाना कोतवाली बल्लभगढ जिला फरीदाबाद को गांजे के साथ रेलवे की जमीन पर बनी कोठरी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना वृन्दावन मथुरा पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के भरपुरा चौराहे के समीप शनिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। भोजपुर पहाड़ी गांव निवासी सूर्यबली सिंह (55) पुत्र स्व. संतोषी सिंह शनिवार को अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से पड़री जा रहा था। भरपुरा चौराहे से कुछ ही दूर पहुंचे ही थी कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पड़री पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री भिजवाया। वहां से हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक पड़री ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रयागराज में महिला की धारदार हथियार से हत्या

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत कस्बे में एक महिला की घर के अन्दर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। शनिवार को सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने परिवार से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को आज सूचना मिली कि हंडिया के बरौत कस्बे में राधा (32.) का शव कमरे में खून से लथपथ पड़ा है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ जांच की। परिवार की ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूछताछ में पता चला है कि मृतक महिला की शादी 13 वर्ष पूर्व हंडिया के सिंहापुर गांव में हुई थी। उसका पति मुंबई में रहकर काम करता है। महिला अपने तीन बच्चों के साथ बीते कुछ वर्ष से अपने मायके में ही रहती थी। 11 वर्षीय बेटी ने बताया कि रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। सुबह वह कमरे में गई तो उसकी मां का खून से लथपथ हाल में मृत मिली। जांच के दौरान जानकारी मिली है कि महिला का अपने भाइयों से रिश्ता ठीक नहीं था। जमीन को लेकर भी कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। सभी बिंदुओं पर जांच जारी है। हत्या का खुलासा जल्द किया जाएगा।

### बाराबंकी : पिटाई से युवक की मौत, पांच आरोपित गिरफ्तार

**बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र के नन्दऊ पारा गांव में होली मिलन को लेकर दो लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नन्दऊ पारा गांव निवासी सुनील यादव (32) का गांव के ही राम सहारे यादव से शुक्रवार की रात विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि रामसहारे के परिवार के कई लोगों ने सुनील की बेहरमी से पिटाई की। गंभीर हालत में उसे सीएचसी सूरतगंज ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल अजय कुमार तिवारी ने शनिवार को बताया कि युवक की हत्या के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### पुलिस कर्मियों ने पुलिस लाइन और थानों में खेली होली

**अयोध्या।** जिले में होली सकुशल संपन्न कराने के बाद शनिवार को पुलिस कर्मियों ने भी जमकर होली खेली। रंग खेलते हुए रंगों के पर्व को उल्लास के साथ मनाया। सभी 19 थानों व पुलिस लाइन में एक साथ होली खेलने के लिए व्यवस्था की गई थी।

### तीन बाद भी नहीं हो सकी युवक की शिनाख्त

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र में तीन दिन हाइवे किनारे पीपी टाउन के समीप अज्ञात युवक का शव मिला था। पुलिस ने युवक की शिनाख्त के काफी प्रयास किए। लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं हुई। पुलिस 72 घंटे बीत जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराएगी। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास के लिए आसपास के क्षेत्र में प्रधानों से संपर्क किया। मृतक की जानकारी के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर उसका फोटो पोस्ट किया। इसके बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। युवक की उम्र 35 वर्ष के लगभग है। मृतक युवक हल्की पीले रंग शर्ट , सहाफ पेंट पहने है। उसके हाथ पर जीएनबी लिखा है।

# भाजपा संगठन में किस का चलेगा दलबल, पता चलेगा आज या कल!

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** कहने को तो भाजपा संगठनात्मक चुनाव को उत्सव के रूप में मना रही है, लेकिन जोर आजमाइश ऐसी की कोई किसी तरह की कसर छोड़ने को तैयार नहीं है। जनपद में जिला व महानगर अध्यक्ष पद के लिए 72 कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन चुनाव अधिकारी को सौंपे थे। काफी दिनों से जिले के पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इंतजार कर रहे हैं। पार्टी संगठन ने घोषणा की है कि होली के बाद सभी जिलों के पदाधिकारी जनपद मुख्यालय में पहुंचकर हो घोषणा करेंगे। रविवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर दो बजे एक संयुक्त बैठक कर महानगर व जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कई ऐसे भी रेस में शामिल हैं जो पूर्व में दिग्गज रह चुके हैं एवं उन्होंने नामांकन भी नहीं किया है। जनप्रतिनिधि भी अपने करीबी को अध्यक्ष बनाकर सियासी रसूख दिखाना चाहते हैं। इसके लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगा चुके हैं। पार्टी ने बीते लोकसभा चुनाव में आए परिणाम के बाद आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी अध्यक्षों की नियुक्ति में काफी मंथन किया है। सत्ताधारी पार्टी होने की वजह से भाजपा में दावेदारों की कमी नहीं है। इसलिए जातिगत फैक्टर के साथ साथ पार्टी हर पहलू पर गौर कर रही है। जिला चुनाव अधिकारी नबाव सिंह नागर महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा मथुरा में 16 मार्च की प्रातः पहुंच जाएंगे। शनिवार को जिले व महानगर के सभी सहचुनाव अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें सहचुनाव अधिकारी संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, महिपाल सिंह तरकर, सत्यपाल चौधरी ने बताया कि सभी जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ मोर्चा पदाधिकारी, जिले में निवासी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं क्षेत्र के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि भी आमंत्रित रहेंगे। सहचुनाव अधिकारी महानगर के मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने बताया प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सभी जिले से जुड़ेंगे।



**रस्साकशी**

**लेकिन जोर आजमाइश ऐसी की कोई किसी तरह की कसर छोड़ने को तैयार नहीं है**

# 50 लाख के स्कैप के साथ छह बदमाश गिरफ्तार, चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से हुए हैं घायल

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस व एसओजी टीम ने छह अन्तर्राज्यीय बदमाशों को मुठभेड के दौरान माल के साथ गिरफ्तार किया है। मुठभेड के दौरान चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। आठ मार्च को ट्रक में चैन्नई से कुण्डली स्क्रैप लेकर जाते समय कोसीकलां मथुरा में ट्रक ड्राइवर द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर 55 लाख रुपये का स्क्रैप चोरी करके भाग गये। जिसके सम्बन्ध में थाना कोसीकलां मथुरा पंजीकृत हुआ। घटना से संबंधित कुल छह अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। मुठभेड में चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुये। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया स्क्रैप करीब सात टन, भारी मात्रा में असलाह कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक वर्ना कार बिना नंबर बरामद हुई। घायल अभियुक्तो को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पुलिस कार्यवाही के दौरान साकिर मेव उर्फ नशेडी पुत्र रुद्दार निवासी विशम्भरा थाना शेरगढ मथुरा उम्र करीब 36 वर्ष, सलीम मेव पुत्र महमूद निवासी घुडावली थाना उटावर जिला पलवल उम्र करीब 28 वर्ष,असलम मेव पुत्र रफीक निवासी ग्राम वाघोर थाना तिजारा जनपद अलवर राजस्थान उम्र 25 वर्ष, जाहुल मेव पुत्र अमरू निवासी बरलाका थाना नगर जिला डीग राजस्थान उम्र लगभग 38 वर्ष पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं।

**काबू**

**एसओजी टीम ने छह अन्तर्राज्यीय बदमाशों को मुठभेड के दौरान माल के साथ गिरफ्तार किया है**

### समता फाउंडेशन ने काशीराम जयंती पर निकाला मार्च

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद बहुजन नायक कांशीराम के 91 वें जन्म दिवस पर बहुजन एकता मार्च का आयोजन 15 मार्च 2025 दोपहर तीन बजे क्रांतिकारी साथी अजय सनवाल जी के नेतृत्व में कृष्णा नगर बिजली घर से प्रारंभ होकर पातीराम मंदिर, अंबेडकर कॉलोनी, राधिका बिहार, मंडी समिति चौराहा, महेंद्र नगर मुख्य बाजार होते हुए डॉ. अंबेडकर पार्क इंद्रपुरी पर सभा के रूप में विसर्जित हुआ जिसका उद्घाटन हेमा यादव समाज सेविका एवं गुलशन कुमार पार्षद बहुजन समाज पार्टी द्वारा किया गया। मार्च में अनुयायियों ने मार्च में शामिल लोगों का साफा बांधकर

# होली पर पथराव में कई घायल, 32 के खिलाफ एफआईआर



टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव बाटी में होली का रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से खूब ईंट पत्थर फिंके। पथराव में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों में आठ एक ही पक्ष के हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए, जिला अस्पताल भर्ती कराया। पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक पक्ष के राहुल निवासी बाटी की तहरीर के आधार पर करीब 32 लोगों के खिलाफ करीब 10 धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। गुल्ला उर्फ कृष्णकुमार पुत्र रघुनाथ, उम्र करीब 38 वर्ष, दिनेश पुत्र बिहारीलाल उम्र करीब 19 वर्ष, प्रदीप पुत्र बिहारीलाल उम्र करीब 20 वर्ष, राजू पुत्र विजयपाल उम्र करीब 38 वर्ष, संतोष पुत्र करन सिंह उम्र करीब 25 वर्ष, चन्द्रपाल पुत्र भिक्कीराम उम्र करीब 30 वर्ष, बन्टू पुत्र शिवराम उम्र करीब 32 वर्ष, करन पुत्र हरवीर उम्र करीब 20 वर्ष, मानवेन्द्र पुत्र हेमराज उम्र करीब 38 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम बाटी थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया गया है। विवाद के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। तनाव की स्थिति देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। गांव बाटी निवासी राहुल पुत्र सुरेशचंद्र ने बताया कि वह अपने साथी रोहित, हरदेश, रणवीर, धर्मेंद्र शिवा, हरिशचंद्र, बसंत व देवेंद्र के साथ अपने जानकर कपिल पुत्र रामबाबू पुजारी के घर गुलाल लगाने जा रहे थे। तभी रास्ते में कुछ लोगों ने लोहे की रोड, डंडा, लाठी, ईंट पत्थर व फरसा से पीछे से हमला कर दिया। जिसमें वह अपने साथियों के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी धमकाते हुए गाली गलौज करते हुए चले गए। घटना में ईंट पत्थर फेंकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। एसपी सिटी ने बताया थाना जैंत क्षेत्र के गांव बाटी में होली का रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया

# बरसाना: 40 दिवसीय होली महोत्सव का समापन

**टीम एक्शन मथुरा।** बरसाना में होरी चली अपने बाप कैं, कछु दिनन ओर हू रही हरि होरी, पद के साथ शुक्रवार को राधारानी की नगरी के विश्व प्रसिद्ध लाडलीजी मंदिर में चल रहे चालीस दिवसीय होली महोत्सव का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर वृषभान नंदनी ने मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकलकर मन्दिर परिसर में स्थित सफेद छतरी में विराजमान होकर अपने देश के कौने कौने से पधारे लाखों भक्तों पर अपनी कृपा का सागर उड़ेल कर सभी को निहाल कर दिया। भक्तों ने युगल सरकार के फूलों से सजे सुंदर डोले का पुष्प वर्षा करके जयकारे लगाते हुए स्वागत किया।



ब्रज के प्रमुख तीर्थ स्थल बरसाना में बसंत पंचमी से प्रारंभ हुए 40 दिवसीय होली महोत्सव के समापन के अवसर पर शुक्रवार की शाम साढे चार बजे लाडलीजी मंदिर के गर्भ गृह से लाडलीजी का विभिन्न किस्मों के फूलों से आकर्षक सजे डोले की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। डोले को मंदिर के सेवायत युवक अपने हाथों में उठाकर जगदीश गोस्वामी के निर्देशन में लेकर चल रहे थे। भक्तों द्वारा मंदिर की छतों से खडे.होकर पुष्पों की वर्षा कर रहे थे। रास्ते में खडे. श्रद्धालुओं के टोल ही नहीं पुलिसकर्मी भी पुष्पों की वर्षा कर रहे थे। डोले को सेवायतों ने मंदिर परिसर में बनी सफेद छतरी में विराजमान किया। वहीं गोस्वामी जनों के द्वारा मुखिया रामभरोसे गोस्वामी के निर्देश में महोत्सव की समापन समाज गायन प्रस्तुत किया। जिसमें होरी चली अपने बाप कैं और कछु दिनन ओर हू रही हरि होरी जैसे संयुक्त स्वरों में प्रस्तुत किया

**समापन**

**नगरी के विश्व प्रसिद्ध लाडलीजी मंदिर में चल रहे चालीस दिवसीय होली महोत्सव का शनिवार को समापन हो गया**

# वृंदावन में निभाई गई हुरंगा की प्राचीन परंपरा

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** वृंदावन स्थित दुसायत मोहल्ला में ठाकुर अन्तयामी महाराज के आशीर्वाद से प्राचीन हुरंगे का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं एवं पुरुषों के साथ साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा जमकर हुरंगा खेला गया प्राचीन मान्यताओं के अनुसार हुरंगा ब्रज क्षेत्र में मनाया जाने वाला एक अनोखा और जीवंत त्यौहार है जो होली के बाद मनाया जाता है इस प्राचीन हुरंगे में शामिल महिलाएं हुरियारिन लहंगा चुन्नी पहनकर और हाथ में छडी रूपी लाठियां लेकर पुरुष हुरियारो के ऊपर प्रेम भरी लाठियां बरसाती है वहीं पुरुष भी महिलाओं की लाठियों से अपना बचाव करते हैं यह मनमोहक दृश्य अद्भुत एवं अविस्मरणीय होता है जिससे वहां का माहौल आनंदमय हो जाता है वही इसके साथ-साथ बाहर से आए हुए श्रद्धालुगण भी इस हुरंगे में ! खेलते हुए नजर आते है इसके साथ-साथ युवा बच्चे एवं युवा पीढ़ी भी इस आयोजन में बढ़ चढकर हिस्सा लेते हैं।



# गौर पूर्णिमा पर चंद्रोदय मंदिर में महाभिषेक दर्शन को उमडी भीड़

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** ब्रजमंडल की विश्व प्रसिद्ध होली महोत्सव के मध्य फाल्गुन मास की पूर्णिमा (गौर पूर्णिमा) को गौडीया वैष्णव सम्प्रदाय के प्रवर्तक, श्रीधाम वृन्दावन के प्राकट्यकर्ता चौतन्य महाप्रभु के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में गौरांग महाप्रभु की 539 वीं जयंती पर मंदिर प्रांगण में फूल बंगला, छप्पन भोग, पालकी उत्सव, महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। भाव समझाते हुए कहा कि श्री चौतन्य महाप्रभु के प्राकट्य का वर्णन श्रीमद् भागवत के (11.5.32) में वर्णित है। जो बहिरंग में गौर और अंतरंग में कृष्ण है। जो श्री राधा भाव में प्रविष्ट हैं, श्री शचीनंदन श्रीगौर सुंदर को कलियुग में बुद्धिमान पुरूष संकीर्तन प्रधान यज्ञ के द्वारा प्रसन्न करते हैं। कलियुग में भगवत प्राप्ति हेतु संकीर्तन ही मूल विधि बतायी गयी है। श्री चौतन्य महाप्रभु निरंतर श्रीकृष्ण के अनुसंधान में रहते हैं। जिनके अंग नित्यानंद और अद्वैत महाप्रभु हैं। जिनके आश्रित श्रीवास जैसे शुद्ध भक्त हैं। जिनका अस्त्र हरिनाम संकीर्तन है। जिनके अंगों की कान्ति पीत अर्थात गौर वर्ण है। वहीं कृष्ण चौतन्य महाप्रभु के रूप में अवतरित हुए।

# कांग्रेस, कांशीराम की विचारधारा समान: भगवान सिंह

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में काशीराम की 91 जयंती मनाई। जिला कार्यालय सेठबाडा पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने सभी को शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे प्यार व एकता का प्रतीक पर्व होली का त्यौहार मनाए, जाने की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने काशीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि काशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को हुआ। काशीराम के द्वारा समाज में व्याप्त जो ऊंच नीच व भेदभाव को दूर करने के लिए काफी संघर्ष किया गया। उनके द्वारा दलितों पिछड़े शोषितों व अल्पसंख्यकों को एकजुट कर डी एस -4, बामसेफ गठन किया गया। काशीराम के द्वारा अपनी आवाज को देश की आवाज बनाने के लिए, अपना सफर साइकिल से शुरू किया तथा उनके द्वारा अपना सफर जब तक जारी रखा जब तक कि बहुजन व अल्पसंख्यक एक साथ नहीं आ गए।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## एमपी: मार्च के आखिरी 15 दिनों में पड़ेगी अप्रैल जैसी गर्मी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मार्च का आधा महीना बीत चुका है, वहीं इसके साथ ही गर्मी तेज हो गई है। प्रदेश में दिन का तापमान 39.4 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे में दोपहर में सड़कों पर निकलने के लिए ज्यादातर लोग बच रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी। मार्च के आखिरी 15 दिनों में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ेगी। ज्यादातर शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। 4 दिन तक लू चलने का भी अलर्ट है। वहीं, अप्रैल-मई में 20 दिन हीट वेव चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अबकी बार इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल सबसे ज्यादा तपेगा। मार्च के पहले पखवाड़े में प्रदेश में मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिला। पहले सप्ताह में तेज ठंड पड़ी और भोपाल समेत कई शहरों में रात के तापमान ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। तो इसके बाद गर्मी का असर बढ़ गया। होली के दिन भी गर्मी का असर देखा गया। मौसम विभाग का कहना है कि 15 मार्च के बाद जब शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचेगा, तब गर्म हवा का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, इससे पहले ही खजुराहो, नर्मदापुरम, रतलाम, मंडला समेत कई शहरों में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर और उज्जैन में तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच गया है, वहीं नर्मदापुरम में 39.4, टीकमगढ़ में 39.0 और खजुराहो में भी 39.0 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। खरगोन (छतरपुर) में तापमान 39.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त कन्नौज (देवास) में 39.3 डिग्री, मंडला में 38.1 डिग्री और दमोह, शहडोल के कल्याणपुर में 38.7 डिग्री दर्ज किया गया। अन्य जिलों के दिन के तापमान में भी उछाल दर्ज किया गया।

## सरकार का ध्यान उपभोक्ता पर: जोशी

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज यहां कहा कि केंद्र सरकार जिम्मेदार उपभोक्ता नीतियों के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देने में सबसे आगे रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्धृत करते हुए कहा कि भारत सरकार न केवल उपभोक्ता संरक्षण पर बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। वह विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर "टिकाऊ जीवन शैली में एक न्यायसंगत परिवर्तन" विषय पर एक वेबिनार को वर्चुअली सम्बोधित कर रहे थे।

# कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को दिखाएं सबक: योगी

### नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय, सबकी खुशहाली सरकार का संकल्प : मुख्यमंत्री

जनसुनवाई

▸▸ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। गोरखपुर में होलिकोत्सव मनाने के बाद सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

**बच्चों को दुलारा, चॉकलेट देकर खूब पढ़ने को किया प्रेरित**

जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद दिया।

### संगम में विदेशी परिंदों की मौजूदगी से पक्षी विज्ञानी हैरान

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुम्भ के समापन के 15 दिन बाद भी संगम और उसके आसपास के जलीय जीवन और वायु की गुणवत्ता से मिले संकेत से जीव विज्ञानी भी हैरान हैं। फरवरी के आखिरी हफ्ते तक संगम से हर साल विदा हो जाने वाले विदेशी परिंदों की मार्च 13 तक मौजूदगी ने जो संकेत दिए हैं उससे पर्यावरण विज्ञानियों ने राहत की सांस ली है। प्रयागराज के संगम तट पर दिसंबर के महीने में हर साल आने वाले विदेशी परिंदों की फरवरी तक मौजूदगी रहती है। लेकिन इस बार ये विदेशी मेहमान 13 मार्च तक अभी संगम के तट से विदा नहीं हुए हैं। पक्षी विज्ञानियों का मानना है कि यह संगम जल की शुद्धता का प्रतीक है।


## बिलासपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक पर हमले से सियासत गरमाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** बिलासपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक बंबर ठाकुर पर हुई गोलीबारी को लेकर प्रदेश में सियासी माहौल गरमा गया है। फिलहाल बंबर ठाकुर आईजीएमसी शिमला में भर्ती हैं, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। इस हमले के पीछे उन्होंने भाजपा के एक विधायक पर सीधा आरोप लगाया है और कहा है कि हमलावरों को उनका संरक्षण प्राप्त था। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा है कि उन पर हमला करने वाले लोग नशे के कारोबार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि चिट्टा तस्करी के खिलाफ उन्होंने बिलासपुर में अभियान छेड़ा हुआ है, जिससे नाराज होकर तस्करों ने उन पर गोलियां चलाईं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया और इसके पीछे भाजपा के एक विधायक का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा से शूटर बुलवाकर उन पर हमला कराया गया।

बंबर ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर भी सवाल उठाए और कहा कि जब कांग्रेस सरकार में ही पूर्व विधायकों की सुरक्षा नहीं हो पा रही है तो भाजपा सरकार में अपराधी सीधे हत्या करने से भी नहीं हिचकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की।

बंबर ठाकुर ने यह भी कहा कि उन्होंने आत्मरक्षा के लिए पिस्तौल के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनकी फाइल एक महीने से गृह विभाग में अटकी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते उन्हें हथियार का लाइसेंस मिल जाता तो शायद वे अपनी सुरक्षा खुद कर पाते।



### पूर्व विधायक आइजीएमसी में उपचाराधीन

**आईजीएमसी** शिमला के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राहुल राव ने बताया कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें जांघ में गोली लगी है, लेकिन गोली शरीर से बाहर नहीं निकली है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर रख रही है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि ऑर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति की समीक्षा कर रही है और अभी के लिए उन्हें बिना सर्जरी के इलाज दिया जाएगा। इस हमले को लेकर बिलासपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

**भाजपा ने किया बंबर ठाकुर पर पलटवार**बंबर ठाकुर के आरोपों पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि पूर्व विधायक बिना किसी ठोस सबूत के भाजपा विधायक पर आरोप लगा रहे हैं, जबकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो गई है और कांग्रेस सरकार अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दी जाए।

### मुखिया के घर भोज के दौरान खेली गई खूनी होली

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्वी चंपारण।** जिले में एक मुखिया के आवास पर खूनी होली खेली गई।जानकारी के अनुसार पूर्व के विवाद के चलते मुखिया के दरवाजे पर होली के अवसर पर आयोजित भोज में जमकर चाकूबाजी हुई। इस चाकूबाजी में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने मुखिया सहित दर्जनो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## पशु-परिचर भर्ती: अभ्यर्थी बोले, परिणाम 25 तक





**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान में पशु परिचर भर्ती परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। एक अभ्यर्थी के ट्वीट का कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने उसी के अंदाज में जवाब देते हुए तारीख बताई। उन्होंने लिखा कि परिणाम तीन अप्रैल से तीन मई के बीच जारी होगा। पशु परिचर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी नंदकिशोर सामरिया ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज को टैग करते हुए ट्वीट किया। लिखा कि सर कल भगवान पवनपुत्र मेरे सपने में आए और बोले की फौजी साहब बहुत अच्छे हैं, उनको बोलो कि पशु परिचर का रिजल्ट 25 मार्च तक जारी कर दो। क्योंकि पटवारी भर्ती की तैयारी नहीं हो रही है। आपके अध्यक्ष साहब मान जाएंगे। सर इस पर आपका क्या कहना है? जवाब देते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने लिखा कि संयोग से कल पवनपुत्र मेरे भी सपने में आए थे। उन्होंने बोला कि आजकल के युवा धैर्य रखना नहीं चाहते, वह सब कुछ दो मिनट्स नूडल जैसे चाहते हैं। उन्हें थोड़ा धीरज करना सिखाओ और पशु परिचर का रिजल्ट तीन अप्रैल से पहले मत देना। हो सके तो तीन मई तक खींचना। अब पवनपुत्र की आज्ञा कौन टाले। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि पशु परिचर भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

ग्रीनफील्ड

▸▸ बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज का जवाब-पवनपुत्र ने कहा युवाओं को धैर्य रखना सिखाओ

## हिमाचल प्रदेश में कई जगह बारिश और बर्फबारी, तेज हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। मार्च के** महीने में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ गिर रही है तो अन्य भागों में बारिश हुई है। इसके साथ ही तेज हवाएं चल रही हैं। इससे समूचे प्रदेश में ठंड फिर लौट आई है। जनजातीय इलाकों में न्यूनतम तापमान पहले ही माइनस में है वहीं अब पहाड़ी व मैदानी इलाकों के तापमान में भी गिरावट आई है। राजधानी शिमला व आसपास के इलाकों में बीती रात से अंधड़ के साथ बारिश का क्रम जारी है। लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा के ऊपरी इलाकों में हिमपात हो रहा है। सिरमौर जिला के पर्यटन स्थल चूड़धार में भी ताजा हिमपात हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक कहीं बारिश तो कहीं बर्फबारी तो कहीं शुष्क मौसम बना रहेगा। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और गरज के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है। अगले 24 घण्टों में यानी 16 मार्च को अंधड़ व बिजली चमकने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 17, 19 व 20 मार्च को भी बारिश व बर्फबारी के आसार हैं, जबकि 18 मार्च को मौसम शुष्क रहेगा।

हिमपात

▸▸ लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा के ऊपरी इलाकों में हिमपात हो रहा है





## बागेश्वर में बारिश से जर्जर मकान गिरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में लगातार बारिश के चलते बागेश्वर जिले की गरुड़ तहसील स्थित गनी गांव में आज एक आवासीय भवन ढह गया। इस हादसे में पांच बच्चे और दो महिलाओं समेत कुल नौ लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी लोगों को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला और दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षतिग्रस्त हुआ आवासीय भवन केदार राम पुत्र हीम राम का था, जिसकी दीवारें पहले से ही कमजोर और जर्जर हालत में थीं। लगातार बारिश के कारण मकान धराशायी हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दे दिए हैं और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के निर्देश भी जारी किए हैं।



09 घायल

▸▸ इस हादसे में पांच बच्चे और दो महिलाओं समेत कुल नौ लोग मलबे में दब गए। एसडीआरएफ मौके पर पहुंची

### औली मे फिर हुई बर्फबारी, लौटी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**औली/ज्योतिर्मठ। उच्च** हिमालयी बुग्यालों व पर्वत श्रृंखलाओं ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है, श्री बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब-लोकपाल सहित नीती माणा दर्रो मे ताजे हिमपात के बाद निचले इलाकों मे भी कड़ाके की ठंड लौट आई है। विश्व विख्यात हिम क्रीड़ा केन्द्र औली मे बर्फबारी तो हुई पर जल्द पिघलने वाली इस बर्फ ने विगत महीनों से औली स्कीइंग स्लोप पर जमी बर्फ को भी पिघला दिया है, बारिश व जल्द पिघलने वाली बर्फ के कारण स्कीइंग स्लोप के हालात भी ठीक नहीं दिख रहे।

**नवीनतम** मुंगेर एसपी ने बताया कि मुख्य अभियुक्त गुड्डू यादव गिरफ्तार, मुंगेर एएसआई हत्या मामले में अबतक चार गिरफ्तार

## बिहार में दो दिनों में दो एएसआई की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: बिहार** में बीते दो दिनों के भीतर दो पुलिस अधिकारियों की हत्या से पुलिस महकमा सदमे में हैं। अररिया में 13 मार्च को एएसआई राजीव रंजन की भीड़ की धक्कमुक्की में मौत के बाद 14 मार्च की रात मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एएसआई संतोष कुमार सिंह की मौत हो गई। मुंगेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सैयद इमरान मसूद ने बताया कि एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या के मुख्य अभियुक्त गुड्डू यादव को गिरफ़्तार कर लिया गया है। एसपी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में अब तक कुल चार लोगों की गिरफ़्तारी हुई है। इनमें से एक का नाम गुड्डू यादव है, जिसे एएसआई संतोष सिंह की हत्या का मुख्य अभियुक्त बताया जा रहा है। एसपी ने बताया कि गुड्डू यादव की निशानदेही पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस टीम जा रही थी, इसी दौरान पुलिस टीम की गाड़ी पेड़ से टकरा गई। हादसे में पुलिसकर्मी घायल हो गये। इस बीच गुड्डू यादव ने पुलिसकर्मी की बंदूक लेकर उसे जवानों पर तान दी और भागने की कोशिश की। उसे एसएचओ ने चेतावनी दी लेकिन जब वह नहीं माना तो पुलिस ने फायर किया। इस दौरान गुड्डू के पैर में एक गोली लगी है। इस बीच, मुंगेर में शहीद हुए एएसआई संतोष कुमार सिंह को बिहार पुलिस के डीआईजी राकेश कुमार, डीएम अविनाश कुमार और एसपी सैयद मसूद ने पुष्पांजलि दी है। एसपी ने बताया कि इस मामले में 7 नामजद अभियुक्त हैं। बाकी सब अज्ञात हैं। यह घटना मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तहत घटी है। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दुखद मामला है। राज्य सरकार गंभीरता से कार्रवाई करेगी। अपराध और भ्रष्टाचार की मानसिकता को रोकना हम सभी की ज़िम्मेदारी है।